दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 21 अप्रैल -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 118 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## जंग पार्ट 2 की आहट! : होर्मुज के पास जहाज जब्त करने पर भड़का ईरान
## ओमान सागर में अमेरिकी जहाजों पर दागे ड्रोन, बढ़ा तनाव

**तेहरान:** ईरान ने ओमान के सागर में अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाया है। अपने जहाज को सीज किए जाने के जवाब में ईरानी आर्मी ने ये हमले किए हैं। ईरान की ओर से सोमवार को बताया गया है कि उसके बलों ने ओमान सागर में अमेरिकी सैन्य जहाजों को ड्रोन से टागरेट किया है। अमेरिकी सेना के होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के झंडे वाले एक व्यापारिक जहाज को सीज करने के कुछ घंटों बाद यह हमला किया गया। इन हमलों से नुकसान के बारे में जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है।




**अमेरिकी कार्रवाई से बढ़ा तनाव :** ईरान ने कहा है कि उसने अमेरिकी नौसेना को ड्रोन से निशाना बनाया है। ईरान की ओर से इस्तेमाल किए गए ड्रोन की संख्या, ऑपरेशन के दायरे और हमलों से नुकसान की जानकारी नहीं दी गई है। ईरान की ओर से कहा गया है कि अगर अमेरिका की ओर से आक्रामकता होगी तो उसका सख्ती से और भरपूर जवाब दिया जाएगा।

इस टकराव तब शुरूआत तब हुई, जब अमेरिकी सेना ने ओमान सागर में एक ईरानी मालवाहक जहाज को रोकते हुए उसे कब्जे में ले लिया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि तौस्का नाम के इस जहाज ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिकी नेवी की नाकेबंदी को तोड़ने की कोशिश की।

### ईरान की कड़ी प्रतिक्रिया - अमेरिका ने सीजफायर का उल्लंघन किया

ईरान की संयुक्त सैन्य कमान खातम अल-अंबिया ने अमेरिका की ओर से जहाज को रोके जाने की कड़ी निंदा की है। ईरान ने कहा है कि अमेरिका दो सप्ताह के लिए लागू सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। ईरानी जहाज पर कब्जे को खातम अल-अंबिया ने सशस्त्र समुद्री डकैती करार दिया और जवाबी कार्रवाई की बात कही। इसके बाद अमेरिकी जहाज परड्रोन हमले की बात सामने आई है।

## इतिहास से निकलकर आई ये आवाज, फ्लाईओवर का क्रेडिट जाता है जनरल वीके सिंह के नाम





General (Dr) Vijay Kumar Singh
PVSM, AVSM, YSM (Retd)
GOVERNOR OF MIZORAM

RAJ BHAVAN
Aizawl, Mizoram - 796001

PB/CON-2/G/2018
07 जुलाई, 2025

माननीय योगी आदित्यनाथ जी,

लोक निर्माण विभाग मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार के पत्र अ.शा.पत्र सं.- 195(1)23-10-2022-21(सा) 2021 टी.सी. दिनांक 05 अप्रैल 2021 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके सापेक्ष मेरे द्वारा उनको प्रेषित पत्र दिनांक: 29 अप्रैल 2022 प्रेषित किया गया था जोकि लोकसभा क्षेत्र गाजियाबाद में जनता की सुविधाओं एवं विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित सेतुओं के निर्माण करवाने के लिए आग्रह किया गया है:-

1. जनपद गाजियाबाद शहर में शास्त्री नगर चौराहे एवं ALT सेंटर के मध्य दयानंद चौक (हापुड़ चुंगी पर) 04-लेन उपरिगामी सेतु का निर्माण कार्य।

2. जनपद गाजियाबाद में भोपुरा मोड़ शालीमार गार्डन से सम्राट पृथ्वीराज चौहान चौक तक 04-लेन उपरिगामी सेतु का निर्माण कार्य।

3. जनपद गाजियाबाद के अंतर्गत लोनी विधानसभा क्षेत्र के फरुखनगर से राजनगर एक्सटेंशन के मध्य हिंडन नदी पर सेतु निर्माण का कार्य।

इस विषय में अभी तक किसी प्रकार की संतोषजनक कार्यवाही ना होने के कारण जनता को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

आप से निवेदन है कि इस विषय को विचाराधीन लेकर जल्द से जल्द जनहित में विकास कार्यों को करवाने हेतु संबंधित को निर्देशित करकृतार्थ करें।

सादर,

भवदीय

(जनरल (डॉ) वी.के. सिंह)



जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह
पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम (से.नि.)
GEN. (DR) VIJAY KUMAR SINGH
PVSM, AVSM, YSM (Retd)

राज्य मंत्री
सड़क परिवहन, राजमार्ग;
एवं नागर विमानन मंत्रालय
भारत सरकार
Minister of State for
Road Transport, Highways;
and Civil Aviation
Government of India

29 अप्रैल, 2022

सेवा में,
श्री जितिन प्रसाद,
माननीय लोक निर्माण विभाग मंत्री,
लोक भवन, लखनऊ
उत्तर प्रदेश-226001

विषय: गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सेतुओं के निर्माण कार्य कराये जाने के संबंध में।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में विकास के पत्थरों पर नाम लिखा जाता है और फाइलों के लेटर बताते है कि किस मेटर को किसने सबसे पहले उठाया है। जब फर्रुखनगर से राजनगर एक्सटेंशन के बीच सेतु निर्माण का कार्य शुरू हुआ है और कलक्ट्रेट से गोविंदपुरम के बीच सेतु निर्माण का कार्य शुरू हुआ है तो इसके क्रेडिट की आवाज सुनाई दे रही है।

लेकिन इतिहास के पन्नों से जो बात निकलकर आई है वो ये है कि इसके लिये पहला प्रयास जनरल वीके सिंह ने किया था। भले ही अब वो मिजोरम के राज्यपाल हैं, लेकिन उन्होंने सांसद ओर केंद्रीय मंत्री रहते हुए इस विकास की नींव रखी थी। इस बात की गवाही वो लेटर दे रहे हैं जो उन्होंने लिखे थे।

जनरल वीके सिंह ने सात जुलाई 2025 को ही एक पत्र लिख दिया था जिसमें उन्होंने पत्र का हवाला दिया था और कहा था कि शास्त्रीनगर चौराहे से एएलटी सेंटर के मध्य हापुड़ चुंगी पर चार लेन का उपपरिगामी सेतु का निर्माण कार्य होगा। इसी पत्र में उन्होंने लोनी विधानसभा क्षेत्र में फर्रुखनगर से राजनगर एक्सटेंशन के मध्य हिंडन नदी पर सेतु निर्माण का कार्य प्रस्तावित किया था।

मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। इसके अलावा उन्होंने लोकनिर्माण विभाग मंत्री जतिन प्रसाद को वर्ष 2022 में ही पत्र लिख दिया था और इन दोनों मामलों को लेकर कहा था कि आज ये कार्य ये प्रस्ताव मंजूर हो चुके हैं। ऐसे में अब जो क्रेडिट वार चल रही है उसे लेकर ये बात सामने आई है।

हापुड़ चुंगी फ्लाईओवर का डिजाइन चेंज हुआ है। अब ये कलक्ट्रेट से गोविंदपुरम का रूट हो गया है। ऐसे में ये चर्चा आम हो रही है कि अगर इस उपलब्धि के लिये आज क्षेत्र के विधायक का धन्यवाद है तो यहां एक धन्यवाद तत्कालीन सांसद जनरल वीके सिंह के नाम भी है। वास्तव में ये लड़ाई उन्होंने लड़ी थी। पत्र इस बात की गवाही है। 29 अप्रैल 2022को ही ये पत्र लिखे जा चुके थे।

## 26 अप्रैल को होगी भव्य पासिंग आउट परेड, 1400 नए सिपाही देंगे सलामी
## महिला पुलिसकर्मियों की बढ़ी भागीदारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट को जल्द ही बड़ी संख्या में नया बल मिलने जा रहा है। लंबे इंतजार के बाद अब 26 अप्रैल को पुलिस लाइन मैदान में पासिंग आउट परेड का आयोजन तय हो गया है। इस परेड में 1400 से अधिक प्रशिक्षित महिला और पुरुष सिपाही हिस्सा लेंगे और शानदार कदमताल के साथ वरिष्ठ अधिकारियों को सलामी देंगे। पहले यह परेड निर्धारित समय पर नहीं हो सकी थी। नोएडा क्षेत्र में हुए घटनाक्रम और सुरक्षा व्यवस्था के चलते कार्यक्रम को टालना पड़ा था, लेकिन अब सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और पुलिस लाइन में अंतिम रिहर्सल का दौर जारी है। परेड में शामिल होने वाले सभी प्रशिक्षु इन दिनों पुलिस लाइन में रोजाना कड़ी ट्रेनिंग से गुजर रहे हैं। शाम के समय करीब दो घंटे तक लगातार अभ्यास कराया जा रहा है, जिसमें ड्रिल, कदमताल, सलामी, टर्न और अनुशासन की बारीकियों पर फोकस किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि परेड का उद्देश्य सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि पुलिस बल के अनुशासन, समन्वय और क्षमता का प्रदर्शन भी होता है। इसलिए हर सिपाही को उच्च स्तर की तैयारी के साथ मैदान में उतारा जाएगा।




### महिला पुलिसकर्मियों की मजबूत भागीदारी

करंट क्राइम : इस बार की पासिंग आउट परेड की खास बात यह है कि इसमें बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद इनमें से कई महिला सिपाहियों को गाजियाबाद कमिश्नरेट में ही तैनाती दी जाएगी। महिला पुलिसकर्मियों की बढ़ती संख्या से महिला सुरक्षा, संवेदनशील मामलों की जांच और थानों में बेहतर समन्वय को मजबूती मिलने की उम्मीद है। वहीं पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पासिंग आउट के बाद इन 1400 से अधिक सिपाहियों को कमिश्नरेट के अलग-अलग थानों और इकाइयों में तैनात किया जाएगा। इसके लिए विस्तृत रोस्टर पहले ही तैयार कर लिया गया है। औसतन हर थाने में करीब 50 से 60 नए पुलिसकर्मी भेजे जाएंगे, जिससे मौजूदा स्टाफ पर काम का दबाव कम होगा और पुलिस की प्रतिक्रिया क्षमता तेज होगी।

### कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण में होगा सुधार



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है कि नए सिपाहियों की तैनाती से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में बड़ी मदद मिलेगी। खासतौर पर भीड़भाड़ वाले इलाकों, बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ेगी, जिससे अपराध पर अंकुश लगेगा। इसके साथ ही महिला हेल्प डेस्क, ट्रैफिक व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं में भी इन सिपाहियों की अहम भूमिका रहेगी। तो पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण क्षेत्र में इन सिपाहियों की तैनाती संतुलित तरीके से की जाएगी। इससे पूरे जिले में पुलिसिंग का स्तर समान रूप से मजबूत होगा। अधिकारियों का मानना है कि पर्याप्त पुलिस बल होने से गश्त बढ़ेगी, संवेदनशील इलाकों में निगरानी मजबूत होगी और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

### भव्य आयोजन में शामिल होंगे वरिष्ठ अधिकारी

करंट क्राइम : 26 अप्रैल की सुबह पुलिस लाइन मैदान में होने वाली इस पासिंग आउट परेड में पुलिस कमिश्नर समेत कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य अतिथि मौजूद रहेंगे। परेड के दौरान नए सिपाही अनुशासन और समर्पण का प्रदर्शन करते हुए औपचारिक रूप से सेवा में शामिल होंगे। यह आयोजन न सिर्फ पुलिस बल के लिए गर्व का क्षण होगा, बल्कि गाजियाबाद की कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक अहम कदम भी साबित होगा।

## फिल्मी अंदाज में रचा गया कत्ल का सीन, अवैध संबंधों के शक में युवक की गोली मारकर हत्या, तीन गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर थानाक्षेत्र में हुए जितेंद्र उर्फ कालू हत्याकांड का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि अवैध संबंधों के शक और पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने मिलकर युवक की बेरहमी से हत्या की थी। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक नाबालिग भी वारदात में शामिल पाया गया है।



एसीपी कवि नगर सूर्यबली मौर्य के मुताबिक, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक जितेंद्र पर उनके परिवार की महिलाओं के साथ गलत संबंध बनाने की कोशिश का शक था। इसी बात को लेकर पहले भी विवाद और मारपीट हो चुकी थी। आरोपियों ने बदला लेने के लिए सुनियोजित तरीके से हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने इस मामले में गौरव (22 वर्ष), बॉबी (38 वर्ष) और विशाल (19 वर्ष) को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से .32 बोर की पिस्टल, 315 बोर का तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है।

### फिल्मी स्टाइल में दिया वारदात को अंजाम

करंट क्राइम : पुलिस के अनुसार, 9 अप्रैल को डायमंड फ्लाईओवर के पास आरोपियों ने योजना के तहत जितेंद्र को बुलाया। पहले उसकी आंखों में लाल मिर्च झोंकी गई, जिससे वह असहाय हो गया। इसके बाद मुख्य आरोपी गौरव ने पिस्टल से गोली चलाई और जमीन पर गिरते ही दूसरे आरोपी बॉबी ने तमंचे से फायर कर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद शव को नाले में फेंक दिया गया।

### पहले भी कर चुके थे हत्या की कोशिश

करंट क्राइम : खुलासे के दौरान पुलिस ने बताया है कि जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने फरवरी में भी जितेंद्र की हत्या का प्रयास किया था, लेकिन उस समय वह बच गया था। इसके बाद आरोपियों ने पूरी प्लानिंग के साथ इस बार वारदात को अंजाम दिया।

## पूर्व मेयर अशु वर्मा ने लेंस कार्ट के प्रबंध को ललकारा
### सेल्समैन को बुलाकर कहा-पहुंचा देना हमारा संदेश, ऐसा हो ना जाए दोबारा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मेयर अशु वर्मा सोशल मीडिया पर हिंदुत्व को लेकर एक्टिव हैं। अक्सर अपनी पोस्ट के जरिये वो अपने हिंदुत्व को धार देते हैं। कई मुद्दों पर उनकी पोस्ट आती है, कई मुददों पर वो किसी घटनाक्रम को लेकर राय रखते हैं। इस बार पूर्व मेयर अशु वर्मा का अंदाज दूसरा है और मामले के बैकग्राउंट में हिंदुत्व है। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने इस बार लेंस कार्ट कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोला है। उन्होंने लेंस कार्ट के सेल्समैन को बुलाकर कंपनी के प्रबंधन को ललकारा है। ललकार में कलावा आ गया है, ललकार में हिंदुत्व आ गया है। पूर्व मेयर अशु वर्मा सीधे-सीधे शब्दों में कंपनी को एक तरह से चेतावनी भी दे रहे हैं। मामला घटित हुआ और फिर उसके बाद लेंस कार्ट में काम करने वाले किसी कर्मचारी का विवाद हुआ और ये विवाद पूर्व मेयर अशु वर्मा तक पहुंचा। उन्होंने यहां एक्शन लिया और उनका वीडिया वायरल हो रहा है। पूर्व मेयर अशु वर्मा कह रहे हैं कि जो कंपनी में कलावा पहनकर आया है, जो टीका लगाकर आया है। फिर वो आगे कहते हैं कि अगर सिख समाज का व्यक्ति पगड़ी पहनकर आया है, अगर उसे टोका या रोका तो ठीक नहीं होगा। इसके बाद पूर्व मेयर अशु वर्मा ने अपने शब्दों में पहलगाम ला दिया। उन्होंने कहा कि 21 अप्रैल को ही पहलगाम में हिंदु धर्म की निशानी देखकर मारा गया था। हिंदुओं को निशानी देखकर गोली मारी गई थी। उन्होंने कहा कि पहलगाम में तो हमारे दुश्मनों ने ये काम किया, पाकिस्तान के आतंकवादियों ने ये काम किया। मगर तुम तो पूरे देश में ये कर रहे हो, तुम्हें शर्म आनी चाहिए। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने ललकारा और कहा कि इस कंपनी के मालिक को बता देना कि पहलगाम वाले तो पाकिस्तानी आतंकी थे, लेकिन तुम्हारे सारे शोरूम भारत में हैं। इस बात को वो समझ लें। इसके बाद उन्होंने कहा कि हिंदुत्व आस्था का सवाल है, सिख आस्था का सवाल है और जैन आस्था का सवाल है, अगर इसमें भेदभाव किया गया तो लेंस कार्ट के लिये ठीक नहीं है। पूर्व मेयर अशु वर्मा जब इस बात को कह रहे थे तो वहां उनके साथ मौजूद भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा की भी आवाज आती है और वो कह रहे हैं कि मोदी और योगी सरकार में ऐसा कैसे हो जाएगा। इसके बाद पूर्व मेयर अशु वर्मा ने तंज कसा और कहा कि बुर्का पहनकर आ जाए तो कोई बात नहीं लेकिन कलावा पहनके मत आओ। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने फिर ललकार दी और उनके सेल्समैन की पीठ पर हाथ से थपथपाया और कहा कि जाकर शोरूम के मालिक से बता कि शोरूम चलाना है या....यह कहकर अशु वर्मा चुप हुए और फिर बोले कि हमारा संदेश इस शोरूम के ऊपरी प्रबंधन तंत्र तक पहुंचो देना। जिस तरह से पूरे देश में नाम पूछकर, पहचान पूछकर गोली मारने के बाद ऑपरेशन सिंदूर चला था उसी तरह फिर से ऑपरेशन चलने में देर नहीं लगेगी। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने इस पूरे मामले को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर रखा है और लेंस कार्ट के प्रबंधन तक अपनी बात पहुंचा दी है।



## 'इंस्टाग्राम पर क्लिक करते ही पुलिस की रडार पर आ गया था दुष्कर्मी मामा'
### एनकाउंटर में ढेर हुए जसीम को पैतृक गांव में परिवार ने नहीं किया दफन



**अपराध**

**पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी शातिर था और लगातार बदल रहा था लोकेशन**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मासूम भांजी से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर फरार हुए आरोपी जसीम उर्फ छोटू को गाजियाबाद पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। 50 हजार रुपये का इनामी यह आरोपी कई दिनों से पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था, लेकिन एक छोटी सी गलती ने उसे पुलिस के शिकंजे में ला दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी बेहद शातिर था और लगातार लोकेशन बदल रहा था। वह मोबाइल फोन का नियमित इस्तेमाल नहीं करता था, जिससे पुलिस उसकी ट्रैकिंग नहीं कर पा रही थी। लेकिन बीते दिनों उसने एक स्थान पर इंस्टाग्राम आईडी लॉगिन की, जिससे उसकी लोकेशन का सुराग मिला। यही गलती उसके लिए भारी पड़ गई और पुलिस ने उसकी तलाश तेज कर दी। क्राइम ब्रांच की टीम, डीसीपी और थाना टीलामोड़ पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी की। इस दौरान आरोपी जसीम उर्फ छोटू ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसे ढेर कर दिया। मुठभेड़ में कांस्टेबल अमित और इकबाल घायल हो गए, जबकि पुलिसकर्मी मोहित शर्मा की बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली फंस गई, जिससे उनकी जान बच गई। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है आरोपी पर अपनी ही भाभी के गले पर चाकू से जानलेवा हमला करने और परिवारजनों के साथ मारपीट के मामले दर्ज थे।





### फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए पुलिस के असलहे और बीपी जैकेट

करंट क्राइम : मुठभेड़ के बाद पूरी कार्रवाई की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पुलिस टीम के हथियार, बुलेटप्रूफ जैकेट और ड्यूटी के दौरान पहने गए कपड़े फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं। इस पूरे ऑपरेशन की कमान पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में गठित विशेष टीम के पास रही। कार्रवाई में डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, एसीपी क्राइम अमित सक्सेना, क्राइम ब्रांच स्वाट टीम प्रभारी अनिल राजपूत की टीम शामिल रही। इसके अलावा टीलामोड़ थाना प्रभारी रवि बालियान, एसीपी अतुल सिंह और डीसीपी ट्रांस हिंडन टीम ने भी महत्वपूर्ण सुराग जुटाने में भूमिका निभाई थी।

### दरिंदगी की वारदात से दहला था इलाका, परिजनों ने भी किया किनारा

करंट क्राइम : आरोपी ने अपने ही मासूम भांजी के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी थी। इस जघन्य वारदात के बाद पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था और लगातार उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस के अनुसार आरोपी की इस हैवानियत से उसका परिवार भी बेहद नाराज था। यही वजह रही कि मुठभेड़ में मारे जाने के बाद परिजनों ने उसका शव मुजफ्फरनगर स्थित पैतृक गांव ले जाने से साफ इनकार कर दिया। बाद में गाजियाबाद के टीलामोड़ क्षेत्र के पसौंडा गांव में ही उसे सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

### पसौंडा में रही कड़ी सुरक्षा

करंट क्राइम। मुठभेड़ में ढेर जसीम उर्फ छोटू के परिजन उसके शव को मुजफ्फर नगर लेकर नहीं गए, जिसकी वजह से टीला मोड, शालीमार गार्डन थाने की पुलिस फोर्स पसौंडा गांव में देर शाम तक मौजूद रही। खुद टीला मोड थाना प्रभारी रवि बालियान मौके पर मौजूद रहे। भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बीच मुठभेड़ में मारे गए 50 हजार के ईनामी बदमाश जसीम जिस पर अपनी सगी भांजी से पहले दुष्कर्म और फिर दुष्कर्म के बाद हत्या करने का गंभीर मामला दर्ज हुआ था उसको सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान एसीपी शालीमार गार्डन पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।



# जम्मू के उधमपुर में खाई में गिरी बस, 22 लोगों की मौत

**हादसा**

**दुर्घटना उस समय हुई जब बस दूर-दराज के एक गांव से उधमपुर जा रही थी**



**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में खाई में बस गिरने से 22 लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में कई लोग घायल भी बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे राम नगर क्षेत्र में पहाड़ी सड़क पर एक खतरनाक मोड़ पर बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान जारी है। कई लोगों को घटनास्थल से अस्पताल ले जाया गया है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब बस दूर-दराज के एक गांव से उधमपुर जा रही थी।

रामनगर से उधमपुर जा रही बस के दुर्घटनाग्रस्त होने पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि अभी-अभी उधमपुर के डीसी मिंगा शेरपा से बात हुई। मुझे पता चला कि कनोट गांव में एक दुखद सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में रामनगर से उधमपुर जा रही एक बस शामिल थी। उन्होंने लिखा कि बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया है। इसमें काफी लोगों के हताहत होने की आशंका है। हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है। गंभीर रूप से घायल लोगों को एयरलिफ्ट करने की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने आगे लिखा कि मैं स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ राजिंदर शर्मा के नेतृत्व वाली हमारी स्थानीय कार्यकताओं की टीम के भी लगातार संपर्क में हूं।

उधमपुर जिले के रामनगर क्षेत्र में यात्रियों से भरी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 22 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे की जानकारी होते ही स्थानीय प्रशासन और बचाव दल मौके पर पहुंचे हैं।

## कॉलेज उत्पीड़न से परेशान इंजीनियरिंग छात्र ने जान दी

**हैदराबाद।** हैदराबाद में एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में अधिकारियों के उत्पीड़न से आहत होकर एक छात्र ने खुदकुशी कर ली। पीड़ित बीटेक तृतीय वर्ष का छात्र था। उसका शव शनिवार को हयातनगर स्थित उसके आवास में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने छात्र के पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि कॉलेज अधिकारियों ने 17 अप्रैल को कम उपस्थिति का हवाला देते हुए उनके बेटे से प्रवेश पत्र के बदले 5,000 रुपये की मांग की थी। जब छात्र ने अपनी खराब स्थिति का हवाला दिया तो उसे सबके सामने अपमानित किया गया।

घटना से बुरी तरह आहत छात्र ने अगले ही दिन आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने कहा, घटना के हर पहलू को खंगाला जा रहा है और कॉलेज प्रबंधन की भूमिका की भी विस्तार से जांच की जाएगी।

# कसाई बाप : पिता ने छीनी जुड़वां बेटियों की सांसें, कैमरे में कैद हुई हैवानियत

## नशीली दवा देकर काटा बच्चियों का गला

**कातिल बाप**

**पोस्टमार्टम में डॉक्टरों के कांपे हाथ, संघर्ष भी नहीं कर सकीं मासूम रिद्धि-सिद्धि**



**कानपुर।** कानपुर में जुड़वां बेटियों की हत्या के मामले में एक और चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। कातिल बाप ने जुड़वां बेटियों रिद्धि और सिद्धि के गले चापड़ से काटने से पहले उन्हें नशीली दवा दी थी। इसके चलते वह बचने के लिए संघर्ष तक नहीं कर पाई। पैनल और वीडियोग्राफी में किए गए पोस्टमार्टम में इस बात की पुष्टि डॉक्टरों ने की है। डॉक्टरों के अनुसार, यही कारण है कि बच्चियों को बचने का मौका तक नहीं मिला। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने बताया कि पहली बार किसी केस में हाथ कांप गए।

डॉक्टरों के अनुसार, गर्दन पर वार इतने गहरे थे कि दोनों बेटियों की श्वास नली काफी गहरी कट गई थी। अत्यधिक रक्तस्त्राव से उन्हें बचने का मौका नहीं मिला और उनकी सांसें थम गईं। वहीं, दर्दनाक घटना के बाद पूरे अपार्टमेंट में मातम पसर गया। हर कोई बस यही पूछता रहा कि आखिर एक पिता का दिल इतना पत्थर कैसे हो गया कि उसने अपनी ही जुड़वां बेटियों को इतनी भयानक मौत दी। शाम करीब छह बजे मासूमों की मां रेशमा अपनी ननद वाराणसी निवासी स्वास्तिका और बुआ सास पूनम तिवारी के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचीं। शवों को कब्रिस्तान में दफना दिया गया है।

**कैमरे क्या करते जब पिता बन गया हत्यारा :** दवा कंपनी के सेल्स मैनेजर शशिरंजन ने परिवार की सुरक्षा के लिए हजारों रुपये खर्च कर चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगवा रखे हैं। ये कैमरे भी उसकी बच्चियों की सुरक्षा नहीं कर सके। टू बीएचके फ्लैट में अंदर छह कैमरे लगे हैं। शशिरंजन ने बाहरियों से परिवार की सुरक्षा के लिए फ्लैट के बाहर दो कैमरे लगा रखे थे। ड्राइंग रूम, किचन और बेडरूम और लॉबी में कैमरे लगवाए थे। पूरे फ्लैट में सिर्फ पत्नी वाले कमरे और बाथरूम में कैमरे नहीं थे। जिस कमरे में दोनों बेटियों की हत्या की गई उसमें भी कैमरा लगा था। पत्नी रेशमा ने कहा कि सास गीता मिश्रा की मौत पिछले साल हुई है। उसके बाद पति का चिड़चिड़ापन और बढ़ गया।

### मम्मा... मेरे सारे खिलौने ले लो लेकिन दीदी को ले आओ प्लीज, रुद्रव की आंखें दीदी को खोजती रहीं



**कानपुर।** त्रिमूर्ति अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर जी-फोर में रविवार शाम भी सब कुछ वैसा ही रहा जैसा शनिवार शाम था। दरवाजे, दीवारें, खिड़कियां बस नहीं थीं तो रिद्धि और सिद्धि। उनके साथ शाम को खेलने वाला उनका छोटा भाई रुद्रव रविवार को बार-बार अपनी लाडली बहनों और पापा को ढूंढता रहा। मां रेशमा ने बहलाने के लिए कहा कि तुम खिलौने नहीं देते थे तो गुस्सा होकर दोनों दीदी चली गईं। इस पर वह बिलख पड़ा बोला... मम्मा मेरे सारे खिलौने ले लो लेकिन दीदी को ले आओ प्लीज।

### 'मुझे या खुद को मार देते, तू इतना पत्थरदिल कैसे हो गया', पति पर भड़की बच्चियों की मां



कानपुर में हत्या के आरोपी पिता शशिरंजन को नौबस्ता पुलिस घटनास्थल पर ले कर पहुंची तो वहां आरोपी का सामना पत्नी रेशमा से हुआ। पत्नी आरोपी पति को देखते ही बिफर पड़ीं। बोलीं- क्या मिल गया मेरी बच्चियों को मारकर। अरे ज्यादा गुस्सा था तो मुझे मार देते या खुद को मार लेते। उन मासूम बच्चियों को मारते समय तुम्हारे हाथ क्यों नहीं कांपे। भूल गया कैसे दिन-भर पापा-पापा कहते बच्चियां तेरे आगे पीछे घूमती रहती थीं।

# पारा 45 के पार: दिल्ली में झुलसाने वाली गर्मी, यूपी से राजस्थान तक लू का अलर्ट




**नई दिल्ली।** देश में गर्मी का असर इस साल और तेज होने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग ने अप्रैल से जून तक कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि मार्च के अंत में जारी किए गए पूवार्नुमान में साफ संकेत दिए गए थे कि इस गर्मी में कई क्षेत्रों में तापमान सामान्य से अधिक रहेगा।

**इन इलाकों में ज्यादा असर :** मौसम विभाग के अनुसार इस गर्मी का सबसे ज्यादा असर देश के कई बड़े हिस्सों में देखने को मिल सकता है। पूर्वी और दक्षिण भारत में दक्षिण बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना जैसे राज्यों में हीटवेव की स्थिति बनने की संभावना है। वहीं उत्तर भारत में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा और इंडो-गंगा के मैदानी क्षेत्रों में भी तापमान तेजी से बढ़ सकता है, जिससे भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

इसके अलावा पश्चिम और मध्य भारत में राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भी गर्म हवाओं और तेज धूप के कारण हालात चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। कुल मिलाकर इन क्षेत्रों में सामान्य से अधिक तापमान और लंबे समय तक चलने वाली गर्मी लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है।

**यूपी: अप्रैल के महीने में जून जैसी तपिश :** यूपी में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। गर्मी का आलम यह है कि दिन के साथ रात में भी हवाओं में तपिश महसूस की जा रही है। उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी से फिलहाल एक हफ्ते तक राहत की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने प्रदेश के बुंदेलखंड और दक्षिणी इलाकों के 11 जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी किया है।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने संस्कृत को राष्ट्र की आत्मा बताया

**उद्घाटन समारोह**

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, लोगों को सीखनी चाहिए यह भाषा**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को संस्कृत सीखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इसे भारत की आत्मा और देश की सभ्यतागत निरंतरता के लिए जरूरी तत्व बताया। वे दिल्ली में संस्कृत भारती के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। संस्कृत भारती एक ऐसी संस्था है जो संस्कृत को एक जीवंत और व्यापक रूप से प्रयुक्त भाषा के रूप में बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस कार्यक्रम में संस्कृत को आधुनिक संचार माध्यम के रूप में उपयोग करने के लिए चल रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला गया।

सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा,' संस्कृत एक भाषा है। फिर भी, यह मात्र एक भाषा नहीं है। भारत में, संस्कृत राष्ट्र की आत्मा है क्योंकि यह विचार, जीवन और संस्कृति की सबसे प्राचीन परंपरा है - एक ऐसी परंपरा जो आज भी जीवंत है - जो भारत में विद्यमान है।' उन्होंने भारत के दार्शनिक विचार को और विस्तार से समझाते हुए कहा,' भारत का अस्तित्व मात्र एक भौगोलिक तथ्य नहीं है।

## खराब मौसम : हुबली जा रहा विमान बंगलूरू डायवर्ट, यात्री सुरक्षित

**नई दिल्ली।** खराब मौसम की वजह से हैदराबाद से हुबली जा रही फ्लाई91 की एक उड़ान को बंगलूरू की ओर मोड़ दिया गया। हवाई अड्डा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। रविवार को हुई इस घटना के दौरान विमान करीब तीन घंटे तक हवा में ही रहा, जिससे यात्रियों में घबराहट फैल गई। कई यात्री डर के कारण रोने लगे और प्रार्थना करने लगे।जानकारी के अनुसार, यह उड़ान लगभग 3:30 बजे हैदराबाद से रवाना हुई थी और इसे 4:30 बजे हुबली पहुंचना था, लेकिन खराब मौसम के कारण लैंडिंग संभव नहीं हो सकी।

विमान को सुरक्षा कारणों से बेंगलुरु डायवर्ट करना पड़ा। विमान कुछ समय तक हुबली के ऊपर चक्कर लगाता रहा ताकि मौसम में सुधार की संभावना देखी जा सके, लेकिन स्थिति बेहतर न होने पर यह निर्णय लिया गया। विमान लगभग 6:30 बजे बेंगलुरु में सुरक्षित उतरा और बाद में रात करीब 11 बजे मौसम सुधरने पर इसे हुबली के लिए फिर से रवाना किया गया।

# भारत में कोरिया के राजकीय मेहमानों का भव्य स्वागत दिखी देश की संस्कृति, पीएम-राष्ट्रपति रहे मौजूद





**अतिथि देवो भवः**

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्यूंग का किया स्वागत**

**नई दिल्ली।** भारत दौरे पर आए दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्यूंग का राजधानी दिल्ली में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान देश की संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। राष्ट्रपति ली अपनी पत्नी किम ही क्यूंग के साथ तीन दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे हैं।

**राष्ट्रपति भवन में भव्य स्वागत :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में उनका स्वागत किया। इस दौरान पारंपरिक परिधानों में सजे बच्चों ने दोनों देशों के झंडे लहराकर मेहमानों का अभिवादन किया।

अपनी यात्रा के दूसरे दिन, दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्यूंग, अपनी पत्नी प्रथम महिला किम ही क्यूंग के साथ, नई दिल्ली स्थित राजघाट पहुंचे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति और प्रथम महिला ने महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

**हैदराबाद हाउस में अहम बैठक :** सोमवार को राष्ट्रपति ली और पीएम मोदी के बीच हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने पौधारोपण भी किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह दौरा भारत और दक्षिण कोरिया के बीच स्पेशल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है।

## डिप्टी डायरेक्टर जनरल 2.5 लाख रुपये रिश्वत केस में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन के एयरवर्दीनेस निदेशालय में तैनात डिप्टी डायरेक्टर जनरल को रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने इस मामले में एक निजी कंपनी के प्रतिनिधि को भी गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों को 2.5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया।

जांच एजेंसी के अनुसार, पूरी रिश्वत की रकम मौके से बरामद कर ली गई है। यह कार्रवाई 18 अप्रैल को दर्ज किए गए एक केस के आधार पर की गई थी।

सीबीआई का कहना है कि डीजीसीए अधिकारी पर आरोप है कि वह निजी लोगों से उनके लंबित आवेदनों को मंजूरी देने के बदले अनुचित लाभ (रिश्वत) की मांग कर रहा था। पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# पार्किंग विवाद में प्रीत विहार इलाके में युवक की हत्या, आरोपी फरार

**मर्डर**

**पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रह रहे हैं**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रीत विहार इलाके में सोमवार तड़के पार्किंग को लेकर हुए विवाद ने गोली मारकर एक शख्स की हत्या कर दी गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रह रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक, घटना को लेकर दो पीसीआर कॉल मिलीं। पहली कॉल रात 02:22 बजे और दूसरी 02:26 बजे फायरिंग और झगड़े की सूचना के संबंध में प्राप्त हुई। झगड़े की शुरूआत पंकज नय्यर (34 वर्ष) और उनके भाई पारस (43 वर्ष) और गौरव शर्मा के बीच पार्किंग को लेकर हुई। शुरूआती कहासुनी ने जल्द ही हिंसक रूप ले लिया, जिसके चलते गौरव शर्मा ने कथित तौर पर गोली चला दी। गोली लगने से पंकज नय्यर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें आनन-फानन में निर्माण विहार स्थित एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी गौरव और उसके साथी मौके से फरार हो गए। इस गंभीर घटना के संबंध में प्रीत विहार पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और उन्हें जल्द से जल्द पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## बिहार में द केरल स्टोरी 2 'हमारा धर्म कबूल लो, वरना...' धमकाते रहे, फिर एक दिन लटकी मिली बेटी




**दरभंगा।** एक-दूसरे धर्म या जाति के लड़का-लड़की में प्रेम-प्रसंग आज की तारीख में गलत नहीं। यहां तक कि सरकार भी अंतरजातीय विवाह को प्रोत्साहित करती है। लेकिन, जब मंशा दूसरी हो तो सवाल उठना लाजिमी है। बिहार में 'द केरल स्टोरी 2' जैसी यह कहानी विस्तार से समझिए कि आखिर कुछ लोग किसी धर्म के सभी लोगों को कैसे बदनाम कर दे रहे हैं और लड़कियों को शिकार बनाकर अपनी जिद में उनकी जान तक ले रहे हैं।

यह वाकया दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र का है और पुलिसिया अनुसंधान अपनी गति से जारी है। मामला केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की जाति की लड़की का है।

# केरल में नया सर्जिकल सेफ्टी प्रोटोकॉल लागू

**पहल**

**केरल के सरकारी अस्पतालों में होने वाली गलतियों और लापरवाही की शिकायतों के बाद उठाया गया कदम**



**तिरुवनंतपुरम ।** केरल में मरीजों की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नया सर्जिकल सेफ्टी प्रोटोकॉल जारी किया है। केरल के सरकारी अस्पतालों में ऑपरेशन के दौरान होने वाली गलतियों और लापरवाही की शिकायतों के बाद यह कदम उठाया गया है, जिसने हाल ही में राजनीतिक विवाद भी खड़ा कर दिया था। 15 अप्रैल के आदेश के अनुसार अब ऑपरेशन से पहले मरीज की पूरी पहचान और सभी जरूरी जांच अनिवार्य कर दी गई है। मरीजों को खास पहचान के लिए रिस्टबैंड पहनाया जाएगा, जिसमें उनकी सर्जरी से जुड़ी जानकारी होगी।

साथ ही ऑपरेशन वाली जगह को पहले से स्पष्ट रूप से चिन्हित करना जरूरी होगा, ताकि गलत जगह सर्जरी की कोई संभावना न रहे। ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में अब अनावश्यक फोन कॉल और बातचीत पर रोक लगा दी गई है, ताकि डॉक्टरों का पूरा ध्यान सर्जरी पर रहे। सर्जरी से पहले डॉक्टर और नर्स को मरीज की सभी जानकारी, जैसे आईपी नंबर और केस रिकॉर्ड, पूरी करनी होगी।

## 'असली मुद्दा महिला आरक्षण नहीं परिसीमन था': जयराम रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने संसद के तीन दिवसीय विशेष सत्र को लोकतंत्र, संविधान और संघीय ढांचे की जीत बताया। उन्होंने कहा कि इस सत्र में बुलडोजर राजनीति और परिसीमन की राजनीति को हार का सामना करना पड़ा। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि असली मुद्दा महिला आरक्षण नहीं, बल्कि परिसीमन था। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 22 सितंबर 2023 को सर्वसम्मति से पारित हुआ था, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया। अब 16 अप्रैल की रात अचानक इसे अधिसूचित किया गया। उन्होंने सवाल किया कि सरकार को जल्दबाजी क्यों थी और इसके पीछे क्या मंशा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सदस्य संख्या 543 है, लेकिन संवैधानिक विधेयक में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि राज्यों की हिस्सेदारी अनुपातिक रूप से बढ़ाई जाएगी।



# जनता दर्शन : एक-एक फरियादी से मिले सीएम योगी

**बोले सीएम -**

**जनसेवा सरकार का कर्तव्य, सरकार अपने कर्तव्य पथ पर चलकर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा कर रही है**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए फरियादियों से मुलाकात की, उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के अंदर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा सरकार का कर्तव्य है और सरकार अपने कर्तव्य पथ पर चलकर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा कर रही है। हर उचित समस्याओं के समाधान के लिए सरकार संकल्पित है।

**दर्द लेकर आई, दुआ देकर गई :** बरेली की रहने वालीं दीप्ति 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना दर्द बयां किया। बताया कि वह किराए के मकान में रहती हैं और ठेला लगाकर जीवनयापन कर रही हैं। आर्थिक विपन्नता के कारण बच्चों के लालन-पालन में काफी परेशानी हो रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने बरेली के जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि महिला की समस्या सुनकर पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाते हुए स्थानीय स्तर पर समस्या का त्वरित समाधान कराएं। सीएम की संवेदनशीलता को देखकर दीप्ति की आंखें भर आईं।

## क्या पीएम मोदी पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं : खरगे

**कोलकाता।** पश्चिम बिहार के कूच बिहार में एक रैली के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पश्चिम बंगाल दौरे को लेकर सवाल उठाए हैं। खरगे ने कहा कि पीएम मोदी लंबे समय से पश्चिम बंगाल में चुनावी कार्यक्रमों में व्यस्त हैं और अपने आधिकारिक काम की अनदेखी कर रहे हैं। रैली में खरगे ने सवाल उठाते हुए कहा 'क्या मोदी पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं या प्रधानमंत्री बने रहना चाहते हैं?'



उन्होंने कहा कि पीएम के लगातार चुनावी दौरे से सरकारी कामकाज प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले संविधान संशोधन बिल को लागू करने की प्रक्रिया को कमजोर किया गया।

# कामजोंग जिले में बड़ा ऑपरेशन हथियारों-विस्फोटकों का जखीरा बरामद



**इंफाल।** असम राइफल्स ने खुफिया जानकारी के आधार पर काम करते हुए मणिपुर के कामजोंग जिले में एक सर्च ऑपरेशन चलाया। जानकारी मिली थी कि भारत-म्यांमार सीमा के पास कुछ जगहों पर हथियार और विस्फोटक छिपाकर रखे गए हैं और उन्हें इधर-उधर ले जाने की तैयारी चल रही है।

यह ऑपरेशन 11 और 12 अप्रैल 2026 की रात के बीच किया गया था। सर्च ऑपरेशन के दौरान जवानों ने मेटल डिटेक्टर और एक विशेष प्रशिक्षित डॉग की मदद ली। इसी दौरान एक संदिग्ध जगह की पहचान हुई, जहां जमीन के अंदर छिपाकर रखा गया हथियारों का बड़ा जखीरा मिला। इसमें कई तरह के हथियार, गोलियां, विस्फोटक और अन्य युद्ध-सामग्री शामिल थी। बरामद सभी सामान को बाद में आगे की जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया।

इसके बाद एक और बड़ी कार्रवाई में असम राइफल्स ने राज्य पुलिस कमांडो और टेरिटोरियल आर्मी के साथ मिलकर संयुक्त ऑपरेशन चलाया।

यह कार्रवाई 16 से 19 अप्रैल 2026 के बीच थौबल, तेंगनौपाल और काकचिंग जिलों में की गई। इस दौरान तीन उग्रवादी कैडरों को गिरफ्तार किया गया।

21 April -26 page 3 20-04-26 11:00 PM Page 1


दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...




करंट क्राइम — ट्वीट का करंट

**Shelly India** updated her profile picture.
9m ·

अगर कोई मेरी बुराई करे तो हैरान मत होना,समझ जाना मैंने ज़रूर उसे उसकी औकात दिखाई है 🙏



## सुल्लामल रामलीला कमेटी की महाभारत का हो गया है आगाज एक तरफ उठे हैं आरोप और दूसरी तरफ दाखिल किया गया जवाब

**आरोपों-प्रत्यारोपों के बीच दैनिक करंट क्राइम ने रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू से बात की। उन्होंने कहा कि कमेटी को एक हफ्ते में स्पष्टीकरण देने के लिये बोला गया था। कमेटी ने एक हफ्ते में अपना स्पष्टीकरण दे दिया है।**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सुल्लामल रामलीला की सबसे बड़ी लीला यही है कि यहां श्रीराम भवन से लेकर जानकी भवन तक बुकिंग का शोर मचता है। किसी की तमन्ना है कि यहां ऑडिटोरियम बन जाए, कोई कमेटी को कालातीत बताता है कोई चुनाव की मांग करता है और कोई व्हॉटसएप पर हिसाब मांगता है। इसी बीच एक पक्ष ने आरोप लगाया कि सुल्लामल रामलीला कमेटी का कार्यकाल पूरा हो चुका है। कमेटी कालातीत हो चुकी है। इस आवाज को उठाने वाले पूर्व पार्षद मुनिंद्र आर्य ने डिप्टी रजिस्ट्रार के यहां भी शिकायत की थी और उन्होंने रामलीला कमेटी को लेकर आरटीआई भी डाली। इस मामले में सोमवार को नाटकीय मोड आ गया जब रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल और महामंत्री नरेश अग्रवाल के संयुक्त हस्ताक्षर के साथ एक जवाब डिप्टी रजिस्ट्रार के यहां दाखिल हो गया। इस जवाब में कमेटी ने चुनाव कराने की घोषणा कर दी और चुनाव अधिकारियों के नाम घोषित कर दिये और कहा कि वर्ष 2026-2027 के लिये कमेटी का चुनाव संपन्न कराने के लिये तैयार है। एक नोटिस भी चस्पा किया गया। वहीं दूसरा पक्ष इस बात को उठा रहा है कि कमेटी कालातीत है। ऐसे में चुनाव अब डिप्टी रजिस्ट्रार की देखरेख में होना चाहिए। जो नोटिस तीन अप्रैल को चस्पा करने की बात कही जा रही है वो नोटिस 20 अप्रैल को लगाया गया। उससे पहले दो लेटर आ चुके हैं। चुनाव कराने का कोइ अधिकार नहीं है। यह अधिकार अब डिप्टी के पास है और उन्हीं के द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी की देख-रेख में चुनाव होना चाहिए। आरोप ये भी है कि रामलीला कमेटी में अभी तक आमसभा बुलाकर कोई हिसाब नहीं दिया है। वहीं दूसरी तरफ मौजूदा कमेटी ने चुनाव अधिकारी घोषित किये हैं, अपना जवाब दाखिल किया।

यहां पर बताया जाता है कि सदस्यता सूची को लेकर पेंच फंस सकता है। क्योंकि 2026-2027 का जब चुनाव होगा तो मेंबरशिप अपडेट होनी चाहिए। इस संबंध में डिप्टी रजिस्ट्रार की राय सबसे उपयुक्त मानी जाएगी। फिलहाल कमेटी ने जवाब दाखिल कर दिया है और अब गेंद भी डिप्टी रजिस्ट्रार के पाले में हैं। मौजूदा कमेटी हिसाब-किताब से लेकिर चुनाव तक कराने के लिये पूरी तरह तैयार है।

### वो चुनाव लड़ने की करे तैयारी, हम कराएंगे चुनाव



करंट क्राइम। आरोपों-प्रत्यारोपों के बीच दैनिक करंट क्राइम ने रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू से बात की। हमने चुनाव अधिकारी के रूप में शरद गर्ग एडवोकेट और सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में वीरेंद्र कुमार वीरो बाबा का नाम दे दिया है। सभी सदस्यों के लिये सार्वजनिक रूप से नोटिस चस्पा कर दिया है। उन्होंने कहा कि कमेटी को एक हफ्ते में स्पष्टीकरण देने के लिये बोला गया था। कमेटी ने एक हफ्ते में अपना स्पष्टीकरण दे दिया है। 300 सदस्य संतुष्ट हैं, लेकिन एक-दो सदस्य अनावश्यक सवाल उठा रहे हैं परंतु हम पारदर्शी और निष्पक्ष प्रक्रिया के पक्ष में हैं। हमारा निवेदन है कि जिन्हें चुनाव लड़ना है वो चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू करें। चुनाव कमेटी कराये डिप्टी रजिस्ट्रार कराए चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से होगा। जो चुनाव लड़ने का इंतजार कर रहे थे वो तैयार रहे। कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू ने यह भी कहा कि 17 मार्च को मीटिंग की गई थी, तीन अप्रैल को नोटिस बोर्ड पर नोटिस लगाया गया। चुनाव की प्रक्रिया में समय लगता है। नामांकन से लेकर मतदान और मतगणना की एक प्रक्रिया पूरी होती है। केवल विरोध करने के लिये ही विरोध करना ठीक नहीं है। हम चुनाव के लिये दृढसंकल्प हैं और हिसाब के लिये कई बार पहले भी हिसाब मांगने वालों से कह चुके हैं कि चार सीए लेकर कमेटी के दफ्तर आ जाएं, परंतु हमारे अनुरोध को वो स्वीकार नहीं कर रहे और अनावश्यक गतिरोध पैदा कर रहे हैं।

## नोएडा बवाल के बाद बड़ा एक्शन, डीसीपी और एसीपी हटाए गए



**नोएडा, करंट क्राइम:** नोएडा में 13 अप्रैल को मजदूरों के उग्र प्रदर्शन के बाद पुलिस प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ा फेरबदल किया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर सेंट्रल नोएडा की डीसीपी शैव्या गोयल और एसीपी उमेश कुमार को उनके पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है।

प्रदर्शन के दौरान हालात बिगड़ने और हिंसा की स्थिति बनने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे थे। इसी के चलते जिम्मेदारी तय करते हुए यह कार्रवाई की गई है। मामले में पहले ही हिंसा के कथित मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया जा चुका है।

नए आदेश के अनुसार डीसीपी ट्रैफिक शैलेंद्र कुमार सिंह को सेंट्रल नोएडा जोन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जानकारी के मुताबिक, शैव्या गोयल को 1 अप्रैल को ही यह जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन कुछ ही दिनों में उन्हें हटा दिया गया।

घटना के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्ती बढ़ा दी गई है।

### अवैध मीट दुकानों पर कार्रवाई को लेकर बवाल

## लोनी बॉर्डर में फूड इंस्पेक्टर टीम पर हमला, चालक से मारपीट

**दु:साहस**

**लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर मौके पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग की**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी बॉर्डर थानाक्षेत्र के बेहटा इलाके में उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब शिकायत के आधार पर कार्रवाई करने पहुंची फूड इंस्पेक्टर की टीम पर स्थानीय लोगों द्वारा हमला कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, महिला फूड इंस्पेक्टर मीरा सिंह अपनी टीम के साथ अवैध रूप से संचालित मीट की दुकान की जांच के लिए पहुंची थीं। बताया जा रहा है कि टीम के पहुंचने से पहले ही संबंधित दुकान को बंद किया जाने लगा।

इसी दौरान मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने फूड इंस्पेक्टर के चालक निखिल कुमार के साथ मारपीट कर दी। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। फूड इंस्पेक्टर मीरा सिंह का आरोप है कि क्षेत्र का एक जिलाबदर घोषित अपराधी, जिसे स्थानीय लोग राजू कसाई के नाम से जानते हैं, दुकान पर मौजूद था और टीम को देखकर उसने दुकान बंद कर दी। आरोप है कि उसी के इशारे पर चालक के साथ मारपीट कराई गई।

### विधायक नंद किशोर गुर्जर ने समझाया



करंट क्राइम : घटना की जानकारी मिलते ही लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी मौके पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने साफ तौर पर चेतावनी दी कि क्षेत्र में चल रही अवैध मीट दुकानों को तत्काल बंद कराया जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि लोनी बॉर्डर क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं और जिलाबदर अपराधी खुलेआम अवैध कारोबार चला रहे हैं, जिससे कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर लोनी बॉर्डर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि पुलिस-प्रशासन इस मामले में कितनी सख्ती दिखाता है और अवैध गतिविधियों पर किस हद तक लगाम लगाई जाती है।

## उत्तराखण्ड समाज ने खबर के बाद रखी अपनी बात

### बोले- हमारी मांग सामाजिक परंतु हम राजनीतिक रूप से कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के साथ

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में कहा जाता है कि टिकट मांगना कार्यकर्ता का हक होता है। प्रत्येक कार्यकर्ता टिकट मांग सकता है। इसी तरह सामाजिक जीवन में राजीति से जुड़े लोग अपनी भागीदारी की आवाज उठाते हैं। ये कोई नई बात नहीं है। हर समाज अपनी सियासी भागीदारी चाहता है और वो मंचों से इसकी आवाज भी उठाता है। ये सभी समाजों की बात है और इसी कड़ी में इंदिरापुरम में उत्तराखण्ड समाज की भी एक पंचायत हुई। इस पंचायत में अधिकांश चेहरे भाजपा से जुड़े थे और इन चेहरों में इंदिरा पुरम के पार्षद हरीश कड़ाकोटी भी थे। इसके अलावा इन्य कई चेहरे थे और यहां राजनीतिक भागीदारी की मांग हुई।

दैनिक करंट क्राइम ने राजनीतिक भागीदारी की मांग को प्रकाशित किया। समाचार प्रकाशन के बाद पार्षद हरीश कड़ाकोटी का फोन दैनिक करंट क्राइम के पास आया। दैनिक करंट क्राइम की स्पष्ट नीति है कि निष्पक्ष और निर्विवाद रूप से अपने पाठक की बात को रखते हैं। दैनिक करंट क्राइम ने पार्षद हरीश कड़ाकोटी को ये कहा कि उनकी भी बात रखी जाएगी। उत्तराखण्ड समाज के ग्रुप पर ये बात प्रसारित हुई। पार्षद हरीश कड़ाकोटी ने इस बात को रखा और बातचीत का ऑडियो भी वायरल किया। दरअसल पार्षद हरीश कड़ाकोटी का ये कहना था कि उत्तराखण्ड समाज अपनी राजनीतिक भागीदारी चाहता है, लेकिन साहिबाबाद क्षेत्र में उत्तराखण्ड समाज अपने विधायक तथा कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के साथ हैं। जो बात समाज में बैठक हुई वो राजनीतिक भागीदारी की है लेकिन इसका अर्थ बिल्कुल भी ये नहीं है कि हम कैबिनेट मंत्री शुनील शर्मा के खिलाफ हैं। हम उनकी कार्यशैली से उनके व्यवहार से पूरी तरह संतुष्ट हैं। पार्षद हरीश कड़ाकोटी ने अन्य बातों को भी कहा और कहा कि इसका सार ये था कि हम राजनीतिक भागीदारी की बात कर रहे हैं लेकिन हम किसी भी व्यक्ति के विरोध में नहीं हैं। कई बार शब्दों के चयन से संदेश कुछ और चला जाता है शायद इसी बात को पार्षद हरीश कड़ाकोटी कहना चाह रहे हैं।

समाज अपनी राजनीतिक भागीदारी की मांग पर अडिग है लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल भी नहीं है कि उत्तराखण्ड समाज साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का विरोध करेगा।

उन्होंने कहा कि हम कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की कार्यशैली से पूरी तरह संतुष्ट है और पूरा उत्तराखण्ड समाज उनका सम्मान करता है।


नहीं संतुष्ट है क्या उत्तराखंड समाज कैबिनेट मंत्री की दावत से
वो चाहता है भागीदारी और उसके तेवर दिख रहे है सियासी बगावत के

## अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न पर सख्त कार्रवाई, ट्रैफिक पुलिस ने किया 404 वाहन चालकों का चालान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** यातायात नियमों के उल्लंघन और बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।

अपर पुलिस महानिदेशक (यातायात एवं सड़क सुरक्षा), उत्तर प्रदेश के आदेश 18 और 19 अप्रैल 2026 को चलाए गए इस अभियान में कुल 2864 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।

### कार्रवाई का विवरण

मॉडिफाइड साइलेंसर: **186 चालान**
प्रेशर हॉर्न: **197 चालान**
हूटर: **21 चालान**







### कुल 404 चालान किए गए और 2 वाहन हुए सीज

करंट क्राइम : डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन के अनुसार, यह कार्रवाई शहर में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण, आमजन की शांति बनाए रखने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न के इस्तेमाल से न केवल शोर बढ़ता है, बल्कि यह लोगों के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को भी बढ़ाता है। यातायात पुलिस गाजियाबाद ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर का प्रयोग न करें और यातायात नियमों का पालन करें। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस तरह के अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे।

### कुछ इस तरह से कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने सम्मान और शिष्टाचार जताया

## पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने जब मिलने की कही बात तो खुद मिलने पहुंचे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा उनके पास

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में पूर्व और वर्तमान का बड़ा महत्व होता है। जो पूर्व हो जाते हैं उनके साथ कई बार कुछ बातें भी पूर्व जैसी हो जाती हैं, लेकिन जो मौजूदा होते हैं, जिनके कद होते हैं, जिनके पास पद होते हैं वो शिष्टाचार की भी एक मिसाल बनते हैं। सारा किस्सा शिष्टचार से जुड़ा है। वरिष्ठजनों को सम्मान देने से जुड़ा है। भाजपा की संस्कृति क्या है और इसमें सम्मान की परिपाटी क्या है इसका एक बहुत सुंदर उदाहरण कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने प्रस्तुत किया। उन्होंने वचनों से नहीं अपितु कर्म से ये दिखाया कि वरिष्ठजनों का सम्मान कैसे होता है। व्यस्त समय में भी उनके लिये समय कैसे निकाला जाता है। दरअसल पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से मिलना चाहते थे। बालेश्वर त्यागी तीन विभागें के मंत्री रहे हैं। वो उत्तर प्रदेश के गृह राज्यमंत्री रहे हैं, वो व्यापार कर मंत्री रहे हैं और बेसिक शिक्षा मंत्री रहे हैं। ये उनका सरकार का प्रोफाइल है और जीवनशैली में वो एकदम सरल हैं, शिक्षाविद हैं, मुद्दों पर स्पष्ट रूप से अपने विचार रखते हैं और बेहद सादा जीवनशैली उनकी है।





पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी शिक्षाविद भी हैं और गोविंदपुरम में उनका इंटर कॉलेज है। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से मिलना था। उन्होंने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को फोन मिलाया और उनसे मिलने की बात कही। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि अभी वह बुलंदशहर जा रहे हैं और बुलंदशहर से लौटकर वह बात कर लेंगे। इसके बाद पुराने संबंधों का सम्मान, वरिष्ठजनों का सम्मान और अपनों के लिये समय इन तीनों की मिसाल कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने पेश की। वो बुलंदशहर से लौटे और उन्होंने पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी की लोकेशन पता की और फिर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा खुद ही गोविंदपुरम स्थित बालेश्वर त्यागी के स्कूल में पहुंच गए। उन्होंने जाते ही पूर्व मंत्री का अभिवादन किया और पूर्व मंत्री भी ये देखकर अचंभित हुए और ये सम्मान की एक परिपाटी थी और जब दिन में फोन हुआ और शाम से पहले ही कैबिनेट मंत्री पूर्व मंत्री से मिलने खुद पहुंचे। यहां एक संबंधों की मिसाल थी और दैनिक करंट क्राइम ने जब मुलाकात की असली वजह जानने के लिये बात की तो पता चला कि पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के स्कूल में 26 अप्रैल को कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देववृत्त मुख्य अतिथि के रूप में आएंगे और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा इस कार्यक्रम के अध्यक्ष होंगे। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी इसी संबंध में कैबिनेट मंत्री के पास जाना चाहते थे। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी खुद सरकार का अंग रहे हैं लिहाजा वो ये जानते हैं कि मंत्री पद पर रहते हुए शैडयूल बहुत बिजी होता है। ऐसे में समय लेकर जाना ठीक रहेगा। ये बालेश्वर त्यागी का बड़प्पन है और आत्मीयता क्या होती है, सम्मान क्या होता है इसकी मिसाल कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा बनें।

अपनों के लिये समय निकाला जाता है और समय निकालकर कैबिनेट मंत्री खुद पहुंचे। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा को समझा। इस मुलाकात के फोटो भी सोशल मीडिया पर आए। दैनिक करंट क्राइम ने इस संबंध में जब बात की तो तब ये संदेश सामने आया कि संबंधों को निभाया जाता है। तब पता चला कि मामला तो बहुत ही पुराने संबंधों का है।

ये उन दिनों की बात है जब बालेश्वर त्यागी भी मंत्री नहीं बने थे और सुनील शर्मा भी संगठन में थे। बालेश्वर त्यागी तब नगर अध्यक्ष थे और सुनील शर्मा संयुक्त सचिव थे। दोनों ही संघर्ष के दिनों के साथी हैं। लेकिन इस सफर में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का कद बढा, उनका पद भी बढ़ा, लेकिन वो मिसाल उन लोगों के लिये है जो जरा सा कुछ मिलते ही अंदाज बदल लेते हैं। लेकिन संबंधों में आत्मीयता रखनी है और सहज सरल भाव के साथ हमेशा अपनों के लिये उपलब्ध रहना है। वरिष्ठता का सम्मान ये सब वो ये चीजे हैं जो इस घटनाक्रम से नये नेता सीख सकते हैं। आज की राजनीति में बहुत कुछ बदल है और देखा तो ये भी जाता है कि जरा सा पद मिलते ही नेता का आचरण ही बदल जाता है। उनके लहजे बदल जाते हैं। लेकिन ये पूरा घटनाक्रम उन्हीं नेताओं के लिये सीख है।

## आगजनी पर सियासत तेज, यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भाजपा को घेरा

**आरोप**

**गाजियाबाद कनावनी की घटनाओं को बताया साजिश, जमीन कब्जे से जोड़ा मामला**



### बयानबाजी की जंग के आसार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अखिलेश यादव ने सोमवार को लखनऊ और गाजियाबाद में हुई आगजनी की घटनाओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर सीधा हमला बोला है।

2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश में सियासी बयानबाजी अब तेज होती नजर आ रही है और इस मुद्दे पर राजनीतिक घमासान शुरू होने के संकेत मिल रहे हैं। सपा प्रमुख ने लखनऊ के विकासनगर और गाजियाबाद के इंदिरापुरम कनावनी क्षेत्र में झुग्गी बस्तियों में लगी आग को लेकर गंभीर सवाल उठाए।

उन्होंने इन घटनाओं को सामान्य हादसा मानने से इनकार करते हुए इसे सुनियोजित साजिश करार दिया। तो पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि इन आगजनी की घटनाओं के पीछे गरीबों की जमीन हड़पने की मंशा छिपी है। उनका कहना है कि तालाबों, खाली पड़ी जमीनों और झुग्गी बस्तियों को खाली कराने के लिए इस तरह की घटनाएं कराई जा रही हैं।

सपा प्रमुख ने सरकार की नीतियों को गरीब और मजदूर विरोधी बताते हुए कहा कि मौजूदा शासन में कमजोर वर्ग सुरक्षित नहीं है। उन्होंने मांग की कि इन घटनाओं की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो।

### तेज हो सकती है राजनीतिक जंग

करंट क्राइम : इन आरोपों के बाद प्रदेश की सियासत गरमाने के आसार हैं। माना जा रहा है कि भाजपा की ओर से भी जल्द पलटवार किया जा सकता है, जिससे आने वाले दिनों में बयानबाजी और तेज हो सकती है। उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अभी से मोर्चाबंदी शुरू कर दी है। आगजनी की इन घटनाओं ने चुनावी माहौल को और ज्यादा गर्म कर दिया है, जहां हर मुद्दे पर सियासी घमासान देखने को मिल रहा है।

21 April -26 page 4  20-04-2026  10:52 PM  Page 1



## संपादकीय

# महिला बिल पर सियासत

किसी भी संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होती है, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद सरकार जरूरी समर्थन हासिल नहीं कर सकी। इसमें कोई दोराय नहीं कि विधायिका में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए सरकार और सभी विपक्षी दलों को एक ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम करना चाहिए। मगर यही मुद्दा जब राजनीतिक लाभ उठाने का जरिया बनने लगता है, तब इस पर सवाल उठने लगते हैं। बीते हफ्ते सरकार ने महिला आरक्षण से जुड़ा 131वां संशोधन विधेयक पेश किया, लेकिन जरूरी समर्थन न मिल पाने की वजह से वह लोकसभा में गिर गया। गौरतलब है कि किसी भी संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होती है, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद सरकार जरूरी समर्थन हासिल नहीं कर सकी। हालांकि इस बार परिसीमन विधेयक में संशोधन के लिए जिस तरह महिला आरक्षण का मसला भी जुड़ा हुआ था, उसमें इस मुद्दे पर दो-तिहाई सांसदों को अपने पक्ष में खड़ा कर पाना सरकार के लिए मुश्किल था। यानी पहले ही यह माना जा रहा था कि लोकसभा में संशोधन विधेयक पारित कराना मुमकिन नहीं हो पाएगा। इसके बावजूद यह विचित्र है कि सरकार ने इस पर जोर-आजमाइश करने की कोशिश की। दरअसल, इस संशोधन विधेयक का उद्देश्य यह बताया गया था कि इससे लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया जा सकेगा। साथ ही, 2026 से पहले की जनगणना के आधार पर राज्यों में सीटों के परिसीमन की इजाजत दी जाएगी और लोकसभा में सीटों की संख्या 543 से बढ़ा कर 850 की जाएगी। मगर चूंकि परिसीमन के साथ उलझे इस मुद्दे पर सरकार को जरूरी संख्या बल का समर्थन नहीं मिल सका, इसलिए अब भाजपा विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान यह आरोप लगाने की कोशिश कर सकती है कि विपक्षी पार्टियां महिलाओं को भागीदारी देने का समर्थन नहीं करतीं। सवाल है कि महिलाओं की विधायिका में आरक्षण से संबंधित जो विधेयक वर्ष 2023 में ही पारित होकर संविधान का हिस्सा बन चुका था, उसे फिर से तब क्यों लाया गया, जब कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। यह बेवजह नहीं है कि इस संशोधन विधेयक को लाए जाने के समय को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। ऐसा लगता है कि इस विधेयक की जटिलता और उसके पारित होने के सामने खड़ी चुनौतियों की तस्वीर चूंकि लगभग साफ थी, इसलिए इसे राज्यों में जारी चुनावी प्रक्रिया के बीच महिलाओं का समर्थन हासिल करने वाले एक अहम मुद्दे के रूप में भी देखा गया। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के नाम संबोधन में भी यह साफ दिखा, जिसमें उन्होंने महिला आरक्षण से जुड़े इस संशोधन विधेयक के पारित न होने के लिए विपक्षी दलों को जिम्मेदार बताया। मगर विधेयक में जिस तरह सरकार ने आरक्षण व्यवस्था को नए परिसीमन और लोकसभा के विस्तार के ढांचे से जोड़ कर पेश किया था।

## भारत-दक्षिण कोरिया व्यापार साझेदारी अपग्रेड सीईपीए पर नई बातचीत शुरू

# पीएम मोदी और राष्ट्रपति ली जे मायुंग की वार्ता के बाद अहम फैसला



**नई दिल्ली।** वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल और बढ़ती व्यापारिक बाधाओं के बीच, भारत और दक्षिण कोरिया ने अपने द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने का अहम फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे मायुंग के बीच सोमवार को हुई उच्च स्तरीय वार्ता के बाद, दोनों देशों ने अपने व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) को अपग्रेड करने के लिए बातचीत शुरू करने की आधिकारिक घोषणा की।

यह कदम आपूर्ति श्रृखलाओं को सुरक्षित करने और दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को वैश्विक व्यापारिक व्यवधानों से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक प्रतिक्रिया है। भारत और दक्षिण कोरिया के बीच व्यापारिक और आर्थिक संबंधों ने मुख्य रूप से साल 2010 में सीईपीए लागू होने के बाद काफी तेज गति पकड़ी थी। पिछले एक दशक से अधिक समय में इस समझौते ने दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक आदान-प्रदान का एक ठोस आधार तैयार किया है। हालांकि, वर्तमान वैश्विक परिदृश्य और नई तकनीकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस पुराने ढांचे का मूल्यांकन और आधुनिकीकरण अपरिहार्य हो गया था।

### निम्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया जाएगा:

**निवेश और व्यापार:** दोनों देशों के बीच पूंजी प्रवाह और वाणिज्यिक गतिविधियों को आसान बनाना।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सेमीकंडक्टर्स:** वैश्विक तकनीकी आपूर्ति श्रृंखलाओं में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए इन भविष्य की तकनीकों पर संयुक्त विकास।

**महत्वपूर्ण और उभरती तकनीकें:** नवाचार और नई तकनीकी खोजों को बढ़ावा देना।

**पीपल-टू-पीपल कनेक्ट:** दोनों देशों के नागरिकों के बीच आपसी संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का विस्तार। सहयोग को परिभाषित करते हुए कहा, चिप से लेकर शिप (जहाज) तक, टैलेंट (प्रतिभा) से लेकर टेक्नोलॉजी तक, एंटरटेनमेंट (मनोरंजन) से लेकर एनर्जी (ऊर्जा) तक, हम हर क्षेत्र में सहयोग के नए अवसरों को साकार करेंगे।

# सेना के लिए स्वदेशी हाईटेक ड्रोन

# साइबर ठगी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई

### साइबर ठगी के पैसों के ट्रांजेक्शन में बैंक खातों के दुरुपयोग का खुलासा

**नई दिल्ली।** सरकार ने भारतीय वायुसेना के विशेष बल गरुड़ के लिए अत्याधुनिक माइक्रो मानवरहित व्हीकल (यूएवी) सिस्टम खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रक्षा मंत्रालय ने इसके लिए रिक्वेस्ट फॉर इंफॉर्मेशन (आरएफआई) जारी किया है। अधिकारियों के मुताबिक, यह नई ड्रोन प्रणाली ऊंचाई वाले इलाकों में निगरानी और ऑपरेशन के लिए तैयार की जा रही है।

यह समुद्र तल से 16,400 फीट तक की ऊंचाई पर काम कर सकेगी और माइनस 20 डिग्री सेल्सियस से 50 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी सक्रिय रहेगी। यह ड्रोन दिन और रात दोनों समय निगरानी, लक्ष्य पहचान और रियल टाइम जानकारी देने में सक्षम होगा। इसे हल्का बनाया जाएगा, ताकि दो लोग आसानी से साथ लेकर चल सकें। नए यूएवी की रेंज कम से कम 15 किमी और उड़ान समय 60 मिनट या उससे अधिक रखने की योजना है। इसमें ऑटोमैटिक टेक-ऑफ और लैंडिंग, सुरक्षित एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन व जीपीएस के बिना भी काम करने की क्षमता होगी।



### ऑपरेशन ऑक्टोपस-1 में 117 लोगों को गिरफ्तार किया गया था

पुलिस के अनुसार, हाल के समय में निवेश, ट्रेडिंग और 'डिजिटल गिरफ्तारी' जैसे साइबर ठगी के मामलों में तेजी आई है, जहां अपराधी लोगों को डराकर, बहला-फुसलाकर या दबाव बनाकर पैसे ठगते हैं। इसी बढ़ते खतरे को देखते हुए पहले ऑपरेशन ऑक्टोपस 1 चलाया गया था। उस अभियान के दौरान साइबर क्राइम पुलिस ने 350 संदिग्ध बैंक खातों का नेटवर्क पकड़ा, जिनका संबंध देशभर में दर्ज करीब 850 मामलों से था। इन खातों के जरिये लगभग 150 करोड़ रुपये की ठगी की गई थी। फरवरी में 16 राज्यों में कार्रवाई कर 117 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसी कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए 'ऑपरेशन ऑक्टोपस 2.0' शुरू किया गया।

# डिजिटल अरेस्ट ठगी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, पढ़े-लिखे लोग भी बन रहे शिकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट से जुड़ी बढ़ती ठगी की घटनाओं पर एक बार फिर गंभीर चिंता जताई है। सोमवार को सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि यह बेहद चौंकाने वाली और चिंताजनक स्थिति है कि अच्छी शिक्षा प्राप्त लोग भी इस तरह के साइबर अपराध का शिकार हो रहे हैं।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची भी शामिल थे, डिजिटल अरेस्ट पीड़ितों से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी ने अदालत को बताया कि इस मुद्दे पर लगातार बैठकें हो रही हैं और सरकार तेजी से आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने मामले को 12 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया।

**बुजुर्ग महिला की पूरी रिटायरमेंट राशि ठगी गई :** सुनवाई के दौरान सीजेआई ने एक बुजुर्ग महिला का मामला साझा किया, जिन्हें वह आधिकारिक तौर पर जानते हैं। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण रूप से महिला की पूरी रिटायरमेंट राशि साइबर ठगों ने हड़प ली। इस पर अदालत ने गहरी नाराजगी जताई। एक अधिवक्ता ने कहा कि जब सर्वोच्च न्यायालय इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है, तब भी लगातार ऐसे मामलों का सामने आना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस पर उखकने कहा कि यह हैरान करने वाली बात है।

### 54 हजार करोड़ की ठगी को कोर्ट ने बताया था डकैती

सुप्रीम कोर्ट ने 9 फरवरी को डिजिटल फ्रॉड के जरिए 54 हजार करोड़ रुपये से अधिक की ठगी को सीधी लूट और डकैती करार दिया था। अदालत ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि भारतीय रिजर्व बैंक, बैंकों, दूरसंचार विभाग और अन्य संबंधित संस्थाओं के साथ मिलकर मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाए। अदालत ने यह भी कहा था कि बैंकों को साइबर ठगी रोकने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जरूरत पड़ने पर संदिग्ध खातों पर अस्थायी रोक लगाई जाए ताकि पैसे की निकासी रोकी जा सके।

## भारत मीन्स बिजनेस कॉन्क्लेव में आर्थिक नेतृत्व और अवसरों पर मंथन

# स्कोब्सा कॉन्क्लेव 2026 में उद्योग, नीति और शिक्षा जगत के दिग्गज शामिल



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भारत की नेतृत्व क्षमता और आर्थिक क्षेत्र में अवसरों पर मंथन हुआ। शहीद सुखदेव कॉलेज से पढ़ाई कर चुके पूर्व छात्रों (अल्युमनाई) के संघ- स्कोब्सा ने एक कॉन्क्लेव के दौरान 'भारत मीन्स बिजनेस' विषय पर भारत के आर्थिक नेतृत्व के लेकर विस्तार से चर्चा की। स्कोब्सा कॉन्क्लेव 2026 में पूर्व छात्र, नीति निमार्ता, और औद्योगिक क्षेत्र के दिग्गजों ने तेजी से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था में क्षेत्रीय व्यवधानों पर बात की।

### स्कोब्सा नेटवर्क अहम ताकत

कॉन्क्लेव में मौजूद हस्तियों ने भारत के विनिर्माण यानी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्र को भी असीम कौशिक ने कहा कि शहीद सुखदेव कॉलेज के पूर्व छात्रों की भूमिका भी सराहनीय है।

### आधुनिक पेशेवर जीवन के विशेष पहलुओं पर भी चर्चा

सम्मेलन में आधुनिक पेशेवर जीवन के विशेष पहलुओं पर भी भी चर्चा हुई। कॉन्क्लेव के दौरान भारत की नवाचार क्षमता और उपभोक्ता बाजार के रूप में देश की ताकत के बारे में भी विस्तार से बातें हुईं। तकनीक के दौर में डिजिटल होती जा रही दुनिया और भारत के पास बुनियादी ढांचे की विशाल क्षमता के बारे में भी बताया गया।

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? एक ब्राजील के क्लिनिक में 80 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई, जब एक छात्र नर्स ने उसके IV लाइन के माध्यम से गलती से कॉफी और दूध को दे दिया था।
- एक औसत गाय हर दिन 90 गिलास दूध पैदा करती है – तथा अपने पूरे जीवन में 350,000 गिलास दूध देती है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की 8-औंस दूध के गिलास जितनी कैल्शियम की मात्रा प्राप्त करने के लिए आपको एक चौथाई ब्रोकोली, सात संतरे या गेहूं की रोटी के छह स्लाइस खाने पड़ते हैं।
- प्राचीन यूनानियों ने दूध को दवा के रूप में इस्तेमाल किया और उनके ओलंपिक एथलीटों ने दूध के साथ खुद को ताकत दि थी!
- क्या आप जानते हैं? लैक्टस की दृढ़ता, एक वयस्क के रूप में दूध को पचाने की क्षमता मनुष्यों की क्षमता, एक अद्वितीय उत्परिवर्तन के रूप में, यूरोपियों और यूरोपीय वंश के लोगों के बीच आम है। 90% एशियाई और 100% मूल अमेरिकियों सहित अधिकांश वैश्विक आबादी में, लैक्टोज की कुछ डिग्री असहनीयता होती है।
- एक गाय का थन 25-50 पौंड दूध रख सकता है।
- आपको जानकर हैरानी होगी, नेरो की पत्नी और क्लियोपेट्रा दोनों अपनी त्वचा को फिर से जीवंत करने के लिए दूध में स्नान करने के लिए नियमित रूप से ज्ञात थी। नेरो की पत्नी अपने बाथटब को दूध से भरा रखने के लिए 500 गदहे रखी थीं ताकि शारीर की सभी बीमारियों और धब्बे को दूर कर सकें!

# पीपीएफ पर लोन: कम ब्याज में आसान फाइनेंशियल सहारा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक भविष्य निधि को हम आमतौर पर लंबी अवधि के निवेश और धारा 80C के तहत टैक्स छूट के लिए जानते हैं। लेकिन, इसकी एक बड़ी खासियत यह है कि जब आप समय से पहले पैसा निकालने के पात्र नहीं होते, तब आप इस पर कर्ज ले सकते हैं।

### कब और किसे मिलेगा कर्ज?

आप पीपीएफ खाता खोलने के दूसरे साल के बाद और पांचवें साल के खत्म होने से पहले ही लोन ले सकते हैं। यह सुविधा सिर्फ तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे साल के दौरान ही मिलती है।
कितना पैसा मिलेगा आप अपनी मर्जी से कितना भी पैसा नहीं निकाल सकते। इसका एक फिक्स फॉर्मूला है : जिस साल आप लोन मांग रहे हैं, उससे दो साल पीछे जाइए। उस साल के अंत में आपके खाते में जितना पैसा था, उसका 25% ही आपको लोन के रूप में मिल सकता है।

### कम ब्याज दर का फायदा

फिलहाल पीपीएफ पर 7.1% ब्याज मिल रहा है। लोन की दर इससे 1% ज्यादा होती है। यानी आपको प्रभावी रूप से 8.1% सालाना ब्याज देना होगा। पेनाल्टी दर : अगर आप 36 महीनों के भीतर लोन नहीं चुका पाते हैं, तो ब्याज दर पीपीएफ दर से 6% ज्यादा हो जाएगी (यानी कुल 13.1%)। यह पेनाल्टी रेट लोन लेने के पहले दिन से ही लागू होगा।




## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

पत्नी : सुनो जी, आप बहुत बदल गए हो
पति : वो कैसे?
पत्नी : पहले गले लगाते थे, अब गला दबाने का मन करता है

---

दोस्त : तेरी गर्लफ्रेंड कैसी है?
दूसरा : बहुत अच्छी है
दोस्त : शादी कब कर रहा है?
दूसरा : कभी नहीं इतनी अच्छी है, रिस्क क्यों लूं

---

पापा : बेटा, पढ़ाई कैसी चल रही है?
बेटा : बस पापा चल रही है
पापा : और तू?
बेटा : मैं तो बैठा हूं

---

बीवी : मैं तुम्हारे बिना जी नहीं सकती
पति : अच्छा?
बीवी : हां, इसलिए रोज तुम्हें परेशान करती हूं

---

डॉक्टर : आपकी याददाश्त कमजोर है
मरीज : कब से?
डॉक्टर : कब से क्या?

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# सपा का झंडा जलाने का आरोप अपर्णा यादव के खिलाफ कार्रवाई की मांग





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भाजपा से जुड़ी राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव पर समाजवादी पार्टी का झंडा जलाने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि 18 अप्रैल 2026 की देर रात लखनऊ में समाजवादी पार्टी का झंडा सरेआम जलाया गया, जिसमें अपर्णा यादव व उनके समर्थकों की संलिप्तता बताई गई है। सपा नेताओं का कहना है कि यह कृत्य लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और इससे कानून-व्यवस्था तथा सांप्रदायिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है।

प्रशासन को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि इस घटना से समाज में तनाव फैलने की आशंका है, इसलिए मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कार्यकर्ता आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

आज 20 अप्रैल 2026 को जिला कलेक्ट्रेट गाजियाबाद में एडीएम के माध्यम से यह ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान तरुण जाटव (जिला महासचिव लोहिया वाहिनी), योगेश सिरोही (महानगर उपाध्यक्ष), नसीम खान (सपा नेता), मोहसिन एडवोकेट (विधानसभा उपाध्यक्ष 56 गाजियाबाद सदर), आसिफ सिद्दीकी (विधानसभा उपाध्यक्ष 56 गाजियाबाद सदर), बाबा खान (जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी), प्रमोद यादव, जिया उल हक, आशीष यादव, मौ मंजर खान, वीरेंद्र यादव (जिला सचिव लोहिया वाहिनी), शाहिद खान (कोषाध्यक्ष लोहिया वाहिनी), अबरार अल्वी (लोनी नगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी), गुलफाम इदरीसी (विधानसभा अध्यक्ष लोनी लोहिया वाहिनी), रवि शंकर जाटव (विधानसभा अध्यक्ष मोदीनगर लोहिया वाहिनी), अंकित जाटव (नगर अध्यक्ष मोदीनगर), जिया चौधरी (विधानसभा अध्यक्ष मुरादनगर लोहिया वाहिनी) और दिलशाद अब्बासी (वार्ड अध्यक्ष) सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ज्ञापन पर जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी मौ असलम कुरैशी और विधानसभा अध्यक्ष गाजियाबाद सदर-56 शाहनवाज खान के हस्ताक्षर हैं, जिन्होंने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज आर्यना सबालेंका रिबाकिना और कोस्त्युक ने लगाई छलांग

**नई दिल्ली।** स्टार टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए रखा है। स्टटगार्ट ओपन में हिस्सा न लेने के बावजूद सबालेंका 'वर्ल्ड नंबर 1' बनी हुई हैं। बेलारूस की स्टार टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए रखा है। स्टटगार्ट ओपन में हिस्सा न लेने के बावजूद सबालेंका 'वर्ल्ड नंबर 1' बनी हुई हैं। वहीं, एलेना रिबाकिना ने एक और खिताब जीतकर दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है।



सबालेंका ने लगातार 79वें और कुल मिलाकर 90वें हफ्ते की शुरूआत टॉप पर की है। बीते साल स्टटगार्ट में रनर-अप रहने के कारण मिले प्वाइंट्स का बचाव न करने का फैसला लेने के बाद भी, सबालेंका ने रिबाकिना पर 2,395 प्वाइंट्स की बड़ी बढ़त बनाए रखी है। हालांकि, रिबाकिना के पोर्श टेनिस ग्रैंड प्रिक्स का खिताब जीतने के बाद यह अंतर थोड़ा कम हो गया। रिबाकिना ने फाइनल में कैरोलिना मुचोवा को शिकस्त देकर इस सीजन का अपना दूसरा और करियर का 13वां खिताब जीता। टॉप-2 खिलाड़ियों के बाद, कोको गॉफ और इगा स्वियातेक दोनों ही स्टटगार्ट के क्वार्टर-फाइनल से बाहर होने के कारण रैंकिंग में ऊपर चढ़ने का मौका चूक गईं। खासकर स्वियातेक, टीनएज सनसनी मिरा एंड्रीवा से हारने के बाद गॉफ से आगे नहीं निकल पाईं।

एंड्रीवा सेमीफाइनल में पहुंचीं और वर्ल्ड नंबर 8 पर पहुंच गईं। मुचोवा के फाइनल तक पहुंचने से उनकी रैंकिंग 11वें स्थान पर पहुंच गई है। टूनार्मेंट के दौरान गॉफ और एलिना स्वितोलिना जैसी खिलाड़ियों पर अहम जीत दर्ज करने के बाद, वह टॉप 10 में वापसी करने के बेहद करीब पहुंच गई हैं।

रूएन में, यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने अपने ही देश की वेरोनिका पोड्रेज को शिकस्त देकर करियर का दूसरा खिताब जीता। यह पहला ऐसा डब्ल्यूटीए फाइनल था जिसमें दोनों खिलाड़ी यूक्रेन की थीं। इस सीजन की शुरूआत में चोट के कारण कुछ समय बाहर रहने के बाद शानदार वापसी करते हुए, कोस्त्युक पांच स्थान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर पहुंच गईं।

19 वर्षीय पोड्रेज 62 पायदान ऊपर चढ़कर अपने करियर की सबसे ऊंची 147वीं रैंक पर पहुंच गई हैं। रैंकिंग में ऊपर चढ़ने वाली अन्य प्रमुख खिलाड़ियों में, जर्मनी की तात्याना मारिया रूएन में सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद 54वीं रैंक पर पहुंच गईं, जबकि तुर्की की जेनेप सोनमेज स्टटगार्ट में जैस्मीन पाओलिनी के खिलाफ टॉप 10 में अपनी पहली ऐतिहासिक जीत के बाद अपने करियर की सबसे ऊंची 67वीं रैंक पर पहुँच गईं। अमेरिकी खिलाड़ी एलिसिया पार्क्स भी 84वीं रैंक पर पहुंचीं।

रैंकिंग में नीचे की ओर सिनजा क्रौस टॉप 100 के करीब पहुंच गईं, जबकि माजा च्वालिंस्का ने दमदार डब्ल्यूटीए 125 खिताबी प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ 118वीं रैंकिंग हासिल की। टायरा कैटेरिना ग्रांट और रॉबिन मोंटगोमरी ने भी आईटीएफ और डब्ल्यूटीए सर्किट में शानदार वापसी के बाद बड़ी छलांग लगाई।

सारा सोरिबेस टोरमो ने खिताबी जीत के साथ अपनी वापसी जारी रखी, जबकि चेक किशोरी एलेना कोवाचकोवा ने आईटीएफ फाइनल में पहुंचकर करियर की नई सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। वहीं, जेलेना ओस्टापेंको को बड़ा झटका लगा और वह 40वें स्थान पर खिसक गईं।

# सीनियर पुरुष राष्ट्रीय शिविर के लिए 36 संभावित खिलाड़ी घोषित, हरमनप्रीत सिंह भी शामिल

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने बंगलूरू के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में 20 अप्रैल से नौ मई तक लगाए जाने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए सोमवार को 36 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। इस कोचिंग शिविर में टीम संयोजन, फिटनेस और मैच की परिस्थितियों की तरह अभ्यास सत्र आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह शिविर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत को इस साल एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के यूरोपीय चरण, विश्व कप और एशियाई खेलों में भाग लेना है। इस शिविर में उन विभागों की पहचान की जाएगी जिनमें टीम को और बेहतर बनने की जरूरत है।



अभ्यास शिविर के लिए चुने गए 36 संभावित खिलाड़ी इस प्रकार हैं:

**गोलकीपर:** कृष्ण बहादुर पाठक, पवन, सूरज करकेरा, मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार, प्रिंसदीप सिंह

**डिफेंडर:** अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, संजय, हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, सुमित, पूवन्ना चंदूरा बॉबी, यशदीप सिवाच, नीलम संजीप जेस, अमनदीप लाकड़ा

**मिडफील्डर:** राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, हार्दिक सिंह, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, विवेक सागर प्रसाद, विष्णु कांत सिंह, राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, रोसन कुजूर, मनप्रीत सिंह

**फॉरवर्ड:** अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, मनदीप सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, अंगद बीर सिंह, उत्तम सिंह, सेल्वम कार्थी, आदित्य अर्जुन लालगे, मनिंदर सिंह, दिलप्रीत सिंह।

# बीसीसीआई बना रहा 30-35 खिलाड़ियों का बड़ा पूल

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई का 30-35 खिलाड़ियों का पूल बनाने का फैसला भारतीय क्रिकेट में नई रणनीतिक सोच को दशार्ता है। व्यस्त शेड्यूल और एक साथ होने वाले टूर्नामेंट्स के चलते भारत भविष्य में दो टी20 टीमें उतार सकता है। इससे नए खिलाड़ियों को मौका मिलेगा और टीम की गहराई और मजबूत होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अब टी20 क्रिकेट के लिए नई रणनीति पर काम कर रहा है। बढ़ते इंटरनेशनल शेड्यूल और खिलाड़ियों की भरमार को देखते हुए बोर्ड 30-35 खिलाड़ियों का एक बड़ा पूल तैयार करने की योजना बना रहा है, ताकि जरूरत पड़ने पर एक साथ दो टी20 टीम उतारी जा सके। अगर दो टी20 टीम बनती है तो श्रेयस अय्यर भी कमान संभालने की दौड़ में आ सकते हैं।



### शेड्यूल टकराव ने बढ़ाई चुनौती

एशियन गेम्स और भारत बनाम वेस्टइंडीज टी20 सीरीज एक ही समय पर होने की संभावना है। ऐसे में चयनकताओं को दो अलग-अलग टीमें मैदान में उतारने पर विचार करना पड़ रहा है। एक बीसीसीआई अधिकारी ने एनडीटीवी से कहा, 'एशियन गेम्स और वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज एक ही समय पर होने वाली हैं। इसलिए हमें दो टी20 टीमों के बारे में सोचना होगा। अब यह जरूरी हो गया है कि हमारे पास 30-35 खिलाड़ियों का ऐसा पूल हो, जिन्हें किसी भी समय इंटरनेशनल मैच के लिए चुना जा सके।'

# शूटिंग बॉल टूर्नामेंट में गाजियाबाद का दबदबा बालक-बालिका दोनों वर्ग में जीता खिताब

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** 45वीं उत्तर प्रदेश राज्य सब जूनियर बालक एवं बालिका शूटिंग बॉल टूनार्मेंट (जोन-1) का आयोजन सोमवार को राजनगर एक्स्टेंशन स्थित एस.डी. पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग बॉल फेडरेशन के फाउंडर चौधरी धर्मपाल सिंह द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के चेयरमैन अजय पाल प्रमुख ने की।






प्रतियोगिता में गाजियाबाद की टीमों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। बालिका वर्ग में गाजियाबाद ने मुजफ्फरनगर को 21-15, 21-16 से हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। मुजफ्फरनगर दूसरे और गौतम बुद्ध नगर तीसरे स्थान पर रहा।

वहीं बालक वर्ग में भी गाजियाबाद ने मुजफ्फरनगर को 21-14, 21-9 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। मुजफ्फरनगर दूसरे और शामली जनपद तीसरे स्थान पर रहा। एशियाई शूटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव रविंद्र सिंह तोमर ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर पवन कुमार, राहुल कुमार, मंजीत, अभय, अंजली यादव, विद्या राजपूत, कमल मौर्य, अभय कुमार और जतिन सहित अन्य लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग की शीर्ष तीन टीमों का चयन 2 से 3 मई 2026 तक वाराणसी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए किया गया है। कार्यक्रम के समापन पर जिला शूटिंग बॉल संघ गाजियाबाद के महासचिव अतुल कुमार ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# राजस्थान के खिलाफ जीत के बाद ड्रेसिंग रूम में भावुक हो गए थे खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रविवार को आखिरकार आईपीएल 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज की। टीम के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने बताया कि यह जीत इतनी खास थी कि ड्रेसिंग में टीम के खिलाड़ी भावुक हो गए थे।

**वरुण चक्रवर्ती ने किया खुलासा**



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के अनुभवी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने खुलासा करते हुए बताया है कि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के बाद केकेआर के खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में भावुक हो गए थे। केकेआर के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन अच्छा नहीं रहा है और उसे छह मैचों के बाद जाकर पहली जीत मिली है। केकेआर का पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। सात मैचों के बाद केकेआर की टीम एक जीत और एक बेनतीजा के साथ तीन अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर है।

### वरुण बोले- माहौल 2024 की खिताबी जीत से ज्यादा भावुक था

वरुण ने खुलासा करते हुए बताया कि इस जीत के बाद ड्रेसिंग रूम में कई खिलाड़ियों की आंखों में आंसू थे और माहौल 2024 की खिताबी जीत से भी कहीं ज्यादा भावुक था। वरुण का ये बयान साफ तौर पर बयां करता है कि केकेआर के लिए यह जीत सिर्फ दो अंक हासिल करने की कहानी नहीं थी। आईपीएल इतिहास में इससे भी खराब शुरूआत सिर्फ तीन टीमों की रही है। मुंबई इंडियंस ने 2022 में लगातार आठ हार झेली थी, जबकि दिल्ली कैपिटल्स (2013) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (2019) को अपने पहले छह मैचों में हार का सामना करना पड़ा था।

### वरुण ने निभाई थी अहम भूमिका

राजस्थान के खिलाफ तीन विकेट लेकर केकेआर की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले वरुण ने कहा कि जिस तरह से बाहरी शोर और आलोचनाओं को दूर रखते हुए हमने यह जीत हासिल की, यह वाकई काफी अहम था। वरुण ने कहा, हमारी ड्रेसिंग रूम के अंदर जितने लोगों की आंखों में आंसू थे, उतना हम तब भी भावुक नहीं हुए थे जब हमारी टीम ने आईपीएल 2024 में ट्रॉफी जीती थी। इस जीत ने एक बात साफ बता दी है कि हम वैसी टीम बिल्कुल भी नहीं हैं, जिससे आप आसानी से पार पा सकते हैं। उन्होंने कहा, हम जीत नहीं रहे थे और बहुत सारा बाहरी शोर था, जो खिलाड़ियों को प्रभावित करता है।

# तिलक वर्मा ने मुंबई के लिए जड़ा संयुक्त रूप से सबसे तेज शतक

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ ऐतिहासिक पारी खेली है। तिलक ने मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में संयुक्त रूप से सबसे तेज शतक लगाया। जो काम सनथ जयसूर्या ने 2008 में किया था, अब वही उपलब्धि तिलक ने 2026 में हासिल की।

मुंबई इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाज तिलक वर्मा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की और आईपीएल करियर का अपना पहला शतक लगाया। तिलक की नाबाद शतकीय पारी के दम पर ही मुंबई ने गुजरात के सामने 200 रनों का लक्ष्य रखा। तिलक 45 गेंदों पर आठ चौकों और सात छक्कों की मदद से 101 रन बनाकर नाबाद रहे। तिलक ने ऐसे समय यह पारी खेली जब मुंबई की टीम खराब स्थिति में नजर आ रही थी।

### आईपीएल का बनाया अपना सर्वोच्च स्कोर




| गेंदें | रन |
|---|---|
| 1-10 | 10 |
| 11-20 | 7 |
| 21-30 | 30 |
| 31-40 | 33 |
| 41-45 | 21 |

### गुजरात को मिला 200 रनों का लक्ष्य

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जा रहे आईपीएल मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने तिलक वर्मा की 101 और नमन धीर की 45 रनों की दमदार पारी की सहायता से 20 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन बनाए। गुजरात के लिए कगिसो रबाडा ने तीन विकेट लिए, जबकि मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को एक-एक सफलता मिली।

### सनथ जयसूर्या की बराबरी की

तिलक को मैच के दौरान चोट भी लग गई थी और फिजियो ने मैदान पर आकर उनका हालचाल जाना था। तिलक ने बल्लेबाजी जारी रखी। उन्होंने हालांकि शुरूआत धीमी की थी और शुरूआती 22 गेंदों पर 19 रन ही बनाए थे। लेकिन इसके बाद तिलक ने गियर बदला और अगले 23 गेंदों पर 82 रन ठोक डाले। तिलक ने 45 गेंदों पर अपने आईपीएल करियर का पहला शतक पूरा किया। यह मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में किसी बल्लेबाज का संयुक्त रूप से सबसे तेज शतक है। इससे पहले सनथ जयसूर्या ने 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इतने ही गेंदों पर मुंबई के लिए शतक लगाया था।

# लेसनर ने 10 साल बड़ी दो शादी कर चुकी महिला को दिया था दिल! फिल्मी है लव स्टोरी




**नई दिल्ली।** ब्रॉक लेसनर और सेबल की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। मुलाकात, विवाद, ब्रेकअप, फिर वापसी और आखिरकार शादी, इन सबके बाद आज दोनों एक खुशहाल जीवन जी रहे हैं। यह कहानी बताती है कि सच्चा प्यार हर मुश्किल को पार कर सकता है। वर्ल्ड रेसलिंग इंटरटेनमेंट यानी हहए की दुनिया में ब्रॉक लेसनर सिर्फ एक रेसलर नहीं, बल्कि एक दौर का नाम रहे हैं। एक ऐसा 'बीस्ट' जिसने रिंग में हर दिग्गज को धूल चटाई, लेकिन दिल हार बैठे सेबल पर। यह वही कहानी है जहां एक 10 साल बड़ी, शादीशुदा महिला से लेसनर को प्यार हुआ, विवाद हुए, रिश्ते टूटे और फिर उसी प्यार ने एक परिवार का रूप लिया। आज लेसनर 48 साल के हैं और सेबल 58 की और अब जब रिंग में उनके बूट छूट गए हैं, तो लगता है जैसे एक युग का अंत हो गया।

यह सिर्फ एक रेसलर की विदाई नहीं, बल्कि उस इंसान की कहानी है जिसने रिंग के अंदर और बाहर दोनों जगह इतिहास लिखा। रेसलमेनिया-42 का नाइट-2 रोमांच, टाइटल बदलाव और बड़े मुकाबलों से भरा रहा, लेकिन जब लास वेगास की रोशनी धीमी हुई, तो एक तस्वीर सबके दिलों में रह गई- रिंग के बीच पड़े बूट्स, खामोशी और 'थैंक यू ब्रॉक लेसनर' के गूंजते नारे।

लेसनर का मुकाबला ओबा फेमी से था। यह मैच एकतरफा रहा, फेमी ने पूरी तरह दबदबा बनाया और लेसनर को आसानी से हराया। लेकिन असली कहानी मैच के बाद शुरू हुई। जैसे ही घंटी बजी, लेसनर ने बिना कुछ कहे अपने ग्लव्स और बूट्स रिंग में छोड़ दिए, एक ऐसा संकेत जिसे रेसलिंग की दुनिया में रिटायरमेंट का प्रतीक माना जाता है।

### थैंक यू ब्रॉक: भावुक हुआ पूरा एरीना

रिंग में यह दृश्य देखते ही पूरा एरीना गूंज उठा 'थैंक यू ब्रॉक', 'थैंक यू लेसनर' लेसनर ने चारों तरफ देखा, तालियों को महसूस किया और जैसे अपने सफर को आखिरी बार जी लिया। यह सिर्फ एक मैच का अंत नहीं था, बल्कि एक युग के खत्म होने का एहसास था। उनके लंबे समय के साथी और मैनेजर पॉल हेमन रिंग में आए। दोनों के बीच एक भावुक पल देखने को मिला। लेसनर ने हेमन को गले लगाया और फिर रोते दिखाई दिए। हेमन भी अपने सबसे खास दोस्त को विदा होते देखकर भावुक हो गए। यह एक ऐसा रिश्ता रहा, जिसमें अनगिनत यादें समाई हुई थीं। यह शायद आखिरी बार था जब 'बीस्ट' और उनका 'वाइसमैन' साथ रिंग से बाहर जा रहे थे।



### पहली मुलाकात और सेबल की शुरूआती जिंदगी

बात करते हैं, 1990 के दशक की। डब्ल्यूडब्ल्यूई की दुनिया में सेबल एक ऐसा नाम थीं, जिन्होंने रिंग में एक अलग पहचान बनाई थी। तब ब्रॉक लेसनर भी उभर रहे थे। जहां एक तरफ सेबल एटिट्यूड एरा की सबसे चर्चित महिला सुपरस्टार बनीं, वहीं ब्रॉक लेसनर ने रूथलेस एग्रेसन दौर में आते ही डब्ल्यूडब्ल्यूई पर राज किया। लेकिन इन दोनों की असली कहानी रिंग के बाहर शुरू होती है, जहां दोस्ती, विवाद, दूरी और फिर शादी तक का सफर शामिल है।

### सेबल का असली नाम रेना मार्लेट, दो शादी कर चुकी थीं

सेबल, जिनका असली नाम रेना मार्लेट है, 1996 में डब्ल्यूडब्ल्यूई में नजर आईं। उस समय वह ट्रिपल एच के साथ रेसलमेनिया-12 में दिखीं। उसी रात उनके दूसरे पति मार्क मेरो ने भी डेब्यू किया। दोनों की शादी को उस समय तीन साल हो चुके थे। इससे पहले वह 1987 में वेन रिचर्डसन नाम के व्यक्ति से शादी कर चुकी थीं, जिनका 1991 में निधन हो गया था। उनसे उनकी एक बेटी मारिया भी है।

### कर्ट एंगल ने भी दी विदाई

हालांकि, डब्ल्यूडब्ल्यू की ओर से आधिकारिक तौर पर रिटायरमेंट की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन जिस तरह से लेसनर ने अपने रेसलिंग गियर को रिंग में छोड़ा, उसने साफ इशारा दे दिया कि उनका सुनहरा दौर अब खत्म हो चुका है।

यह एक 'पासिंग द टॉर्च' मोमेंट भी था, जहां लेसनर ने नई पीढ़ी के स्टार ओबा फेमी को मंच सौंप दिया। ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट और डब्ल्यूडब्ल्यूई के दिग्गज कर्ट एंगल ने भी लेसनर को भावुक अंदाज में विदाई दी। उन्होंने लिखा, 'तुमसे प्यार है मेरे भाई। तुम्हारे जैसा सिर्फ एक ही होगा। रिटायरमेंट का आनंद लो, ब्रॉक।'

# 'सूर्यवंशी के लिए शब्द कम पड़ जाएंगे' श्रेयस अय्यर ने वैभव को बताया भविष्य का सुपरस्टार



**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2026 में अपने आक्रामक खेल से सबका ध्यान खींच रहे हैं, और श्रेयस अय्यर जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी उनके फैन बन गए हैं। अय्यर ने उन्हें भविष्य का स्टार बताया, वहीं खुद भी शानदार फॉर्म में हैं। उनका अनुभव और सोच युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बन रही है। आईपीएल 2026 में युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अपने धमाकेदार प्रदर्शन से सुर्खियां बटोर रहे हैं। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने उनकी जमकर तारीफ करते हुए उन्हें भविष्य का बड़ा खिलाड़ी बताया है। अब तक सूर्यवंशी ने छह पारियों में 246 रन बनाए हैं, उनका औसत 41 और स्ट्राइक रेट 236.53 का रहा है, जो उनके आक्रामक अंदाज को साफ दिखाता है।

### 'शब्द भी कम पड़ जाएंगे'

श्रेयस अय्यर ने सूर्यवंशी की तकनीक और आत्मविश्वास की तारीफ करते हुए कहा, 'वह एक शानदार टैलेंट हैं और उनके लिए जितने भी विशेषण इस्तेमाल करें, वो कम पड़ जाएंगे।

### खुद अय्यर भी शानदार फॉर्म में

जहां सूर्यवंशी चर्चा में हैं, वहीं अय्यर खुद भी बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने 6 पारियों में 208 रन बनाए हैं, उनका औसत 52 और स्ट्राइक रेट 182.45 है। अय्यर ने आईपीएल 2025 क्वालिफायर-2 में जसप्रीत बुमराह के खिलाफ खेले गए खास शॉट को याद किया। उन्होंने कहा, 'यह पूरी तरह से इंस्टिंक्टिव था। मैं गेंद को सीधे सामने मारने की कोशिश कर रहा था।




# अंकुर विहार में दर्दनाक हादसा, 10 घंटे बाद तालाब से मिला 6 वर्षीय आतिफ का शव

## गोताखोरों ने मेहनत के बाद निकाला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी क्षेत्र स्थित अंकुर विहार थाना इलाके में रविवार को हुए दर्दनाक हादसे का दुखद अंत हो गया। डाबर तालाब कॉलोनी के पास तालाब में डूबे 6 वर्षीय मासूम आतिफ का शव करीब 10 घंटे से अधिक चले सर्च ऑपरेशन के बाद बरामद कर लिया गया। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार, आतिफ रविवार को अपने घर के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान वह तालाब के गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते लापता हो गया। बच्चों द्वारा शोर मचाने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों को तालाब किनारे बच्चे की चप्पलें मिली थीं, जिससे डूबने की आशंका और गहरा गई थी।

सूचना मिलते ही अंकुर विहार थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान शुरू कराया। शुरूआत में स्थानीय गोताखोरों की मदद से तालाब में तलाश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद अभियान को तेज करते हुए एनडीआरएफ टीम और दिल्ली के अनुभवी गोताखोरों की मदद ली गई।

## लंबा चला रेस्क्यू व सर्च ऑपरेशन



**करंट क्राइम :** करीब 10 घंटे से अधिक समय तक लगातार चले सर्च ऑपरेशन के बाद आखिरकार देर रात बच्चे का शव तालाब से बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दर्दनाक घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है और स्थानीय लोग भी घटना से बेहद आहत हैं। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला डूबने का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है।

# संतोष डेंटल कॉलेज का महीना भर चला 'विश्व मौखिक स्वास्थ्य अभियान' संपन्न




**हजारों लोग हुए लाभान्वित**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** संतोष डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर आयोजित एक माह का जन-जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। डीन डॉ. अक्षय भार्गव के नेतृत्व में चले इस अभियान में संस्थान के सभी नौ विभागों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

गाजियाबाद और आसपास के क्षेत्रों में 13 आउटरीच कैंप लगाए गए, जिनमें 1,507 लोगों की स्क्रीनिंग हुई। वृद्धों के लिए 54 निःशुल्क डेंचर वितरित किए गए। साथ ही, 8 गांवों और 7 एनजीओ के लिए मुफ्त दंत चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। कॉलेज की शटल सेवा के जरिए 1,500 से अधिक मरीजों को अस्पताल लाकर उपचार दिया गया। स्कूली बच्चों के लिए फ्लोराइड वार्निश और टूथ ब्रशिंग डेमो के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष ओरल हेल्थ सत्र आयोजित किए गए। 'स्माइलोथॉन', नुक्कड़ नाटक और रैलियों के जरिए लोगों को मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

1995 से कार्यरत यह संस्थान अपनी कम्युनिटी आउटरीच पहल के माध्यम से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को निरंतर निःशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहा है।

# कविता मीणा बनीं हापुड़ की डीएम : अभिषेक पांडेय को लखनऊ भेजा गया, नई जिलाधिकारी जल्द संभालेंगी कार्यभार



हापुड़। यूपी सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए आईएएस कविता मीणा को हापुड़ का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। वह इससे पहले मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण में तैनात थीं। दरअसल, कविता मीणा 2016 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने इटावा में असिस्टेंट मजिस्ट्रेट, भदोही में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट और बहराइच में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) के रूप में कार्य किया है। उनके प्रशासनिक अनुभव को देखते हुए शासन ने उन्हें हापुड़ जैसे महत्वपूर्ण जिले की जिम्मेदारी सौंपी है। उम्मीद है कि उनके अनुभव का लाभ जिले के विकास कार्यों और प्रशासनिक सुधारों में मिलेगा।

लखनऊ भेजे गए हापुड़ डीएम जबकि वर्तमान जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय का स्थानांतरण कर उन्हें उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद में अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त के पद पर तैनात किया गया है। उनके कार्यकाल में जिले में कई विकास योजनाओं को गति मिली और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयास किए गए। प्रशासनिक गलियारों में इस बदलाव को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# ट्रांस हिंडन में भीषण गर्मी के कारण बढ़ी पानी की किल्लत, लाखों लोग परेशान

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** ट्रांस हिंडन में दूषित पानी के साथ ही कम समय जलापूर्ति होने की समस्या भी शुरू हो गई है। सोमवार को कई इलाकों में महज 10 से 15 मिनट ही लोगों को पानी मिल सका। इससे लोग टंकियों में पानी स्टोर नहीं कर पाए। जो बचा हुआ था वह भी सुबह में ही खत्म हो गया। इससे इन इलाकों के लाखों लोगों को दिनभर परेशानी झेलनी पड़ी।

कड़कड़ मॉडल के लोगों ने बताया कि यहां सुबह में करीब 15 मिनट ही पानी की आपूर्ति हुई। जब तक मोटर चलाई पानी आना बंद हो चुका था। जितने समय पानी आया वह भी कम प्रेशर से ही आया। टंकियों में बचा हुई पानी भी सुबह के जरूरी कार्यों में खर्च हो गया। दिनभर करीब 50 हजार लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह समस्या कोई एक दिन की नहीं है।

आए दिन इस समस्या से जूझना पड़ रहा है, लेकिन अब भीषण गर्मी में स्थिति बेहद खराब हो रही है। अगर जल्द इसका हल नहीं निकाला गया तो आने वाले दिनों में यहां रहना भी मुश्किल हो जाएगा। इसके अलावा इंदिरापुरम के अभय खंड में भी सुबह में महज 20 मिनट ही पानी आया। स्थानीय निवासी बताया कि जो पानी आया वह भी दूषित था।



### सूर्यनगर के लोगों को राहत नहीं

सूर्यनगर में भी सुबह-शाम 10-10 मिनट ही पानी आ रहा है। यह समस्या यहां करीब बीते दिन माह से बनी हुई है। स्थानीय निवासी जैनेंद्र कुमार का कहना है कि अधिकारियों से शिकायत की गई तो उन्होंने लाइन की जांच कराने का आश्वासन दिया, लेकिन अभी तक भी कम समय पानी आने की समस्या बरकरार है। पानी की समस्या से राहत दिलाने के लिए अधिकारी ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं।

### अवैध प्लांट संचालक सक्रिय

गर्मी बढ़ने के साथ ही अवैध प्लांट संचालक सक्रिय हो गए हैं। वह ई-रिक्शा व गाड़ियों से पानी की आपूर्ति कर रहे हैं। इसके एवज में वह सामान्य दिनों की तुलना में दो से तीन गुना रुपये वसूल रहे हैं। 20 लीटर की पानी की जो बोतल सामान्य दिनों में 10 से 15 रुपये में बेचते हैं उसे अब 30 से 40 रुपये तक बेच रहे हैं।

# अमित चौधरी की पुलिस हिरासत में मौत के मामले ने पकड़ा तूल निवाड़ी में आक्रोश, हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग



**मोदीनगर, करंट क्राइम:** कस्बा पतला के निवासी और नगर पंचायत कर्मचारी अमित चौधरी की पुलिस हिरासत के दौरान हुई मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस घटना को लेकर परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

**आरोप:** परिजनों का आरोप है कि 7 अप्रैल की रात पुलिस ने अमित को हिरासत में लेकर थाने में बेरहमी से पीटा। पिटाई का एक कथित वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

**पुलिस का पक्ष:** पुलिस के अनुसार, मेडिकल परीक्षण के दौरान अमित भागने लगा और ट्रक की चपेट में आने से घायल हो गया, जिसकी १२ अप्रैल को इलाज के दौरान मौत हो गई।

**कार्रवाई:** डीसीपी ग्रामीण ने लापरवाही के आरोप में दो दरोगा और दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। मामले की जांच अब मोदीनगर पुलिस को सौंपी गई है।

सोमवार को अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के अध्यक्ष मनु चौधरी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने निवाड़ी थाने पर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए मांग की गई कि मामले को हत्या की धारा में तब्दील किया जाए और दोषी पुलिसकर्मियों के नाम मुकदमे में शामिल किए जाएं। सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मामले की सीबीआई जांच की मांग की है।

पुलिस को अब अमित की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है, जिसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# लोनी में श्रीरामकथा का छठा दिन : धनुष भंग और श्रीराम विवाह के प्रसंगों पर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी स्थित सिद्ध बाबा रामपार्क में लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर द्वारा आयोजित भव्य श्रीरामकथा के छठे दिन कथा व्यास परम पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने भगवान श्रीराम के जीवन के विभिन्न प्रेरणादायक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

कथा के दौरान पूज्य भारद्वाज जी ने भगवान श्रीराम द्वारा धनुष भंग, अहिल्या उद्धार, परशुराम-लक्ष्मण संवाद एवं श्रीराम विवाह के प्रसंगों का अत्यंत रोचक एवं भावनात्मक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब महर्षि विश्वामित्र जी के मार्गदर्शन में भगवान श्रीराम ने जनकपुरी में आयोजित सीता स्वयंवर में भगवान शिव के धनुष को भंग किया, तो यह केवल एक पराक्रम नहीं बल्कि अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक था।

## श्रीरामकथा समाज को एकजुट करने और संस्कारों को मजबूत करने का माध्यम : नंदकिशोर गुर्जर



इस अवसर पर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि श्रीरामकथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को एकजुट करने और संस्कारों को मजबूत करने का माध्यम है। भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन से हमें प्रेरणा लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सहयोग पहुंचाना चाहिए। लोनी में इस प्रकार के आयोजनों से सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा मिलती है। कार्यक्रम में जनसैलाब के रूप में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने कथा का रसास्वादन कर अपने जीवन को धन्य बनाया।

# वैशाली सेक्टर-1 में हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन, क्षेत्रवासियों को मिला अंधेरे से निजात



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर-1 मॉडल स्कूल के सामने क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल द्वारा लगाई गई हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन समाजसेवी के.एल. शर्मा एवं ए.सी. तिवारी द्वारा नारियल तोड़कर किया गया। पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने बताया कि यह क्षेत्र की प्रमुख रोड है और काफी लंबे समय से यहां अंधेरा रहता था। क्षेत्रवासियों की मांग पर यह कार्य कराया गया है, जिससे अब लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटिहार, रविंद्र सिंह, के.एस. राणा, प्रदीप जायसवाल, अशोक गुप्ता, श्यामवीर भदौरिया, मोहन उनियाल आदि लोग मौजूद रहे।

# पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी द्वारा 26 अप्रैल को आयोजित होने वाले 'पीडीए जनसंवाद' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर राज चौपला स्थित कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिए कार्यकताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप शिरकत करेंगे।



कार्यक्रम की सफलता के लिए गांव-गांव और वार्ड स्तर पर सघन जनसंपर्क करने का निर्णय लिया गया। भीड़ प्रबंधन, मंच व्यवस्था और प्रचार-प्रसार के लिए अलग-अलग टोलियां बनाई गई हैं। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और स्थानीय समस्याओं को मजबूती से उठाने का संकल्प लिया। बैठक में राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति, कालूराम धामा, गिरीश मधुरिया, और सुरेंद्र त्यागी सहित भारी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद साहिबाबाद शाखा ने कराया सरल सामूहिक विवाह

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत विकास परिषद साहिबाबाद शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर, सेक्टर-3 राजेंद्र नगर में अक्षय तृतीया पर पांच कन्याओं का सरल सामूहिक विवाह 'सात फेरे' नाम से आयोजित किया गया। शाखा के निवर्तमान सचिव बृजेश जादौन ने बताया कि अब तक साहिबाबाद शाखा द्वारा कुल 74 कन्याओं के विवाह कराए जा चुके हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय अध्यक्ष कवित्त बंसल, प्रांतीय महासचिव मुक्ता अग्रवाल, प्रांतीय वित्त सचिव प्रवेश चंद्र गुप्ता व महानगर प्रचारक रोहित जी उपस्थित रहे। अतिथियों ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। बारात की चढ़त हनुमान मंदिर, श्याम पार्क एक्सटेंशन से निगम पार्षद




कविता प्रवीन भाटी व व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रवीण भाटी की अगुवाई में हुई। जयमाला व वैदिक मंत्रों के साथ सात फेरे कराए गए। सभी नव दंपतियों को गृहस्थ जीवन के आवश्यक सामान भी भेंट किए गए। प्रांतीय कार्यक्रम 'आभार' में गत वर्ष के कार्यों के आधार पर शाखाओं को पुरस्कृत किया गया। साहिबाबाद शाखा को 'विकास रत्न शाखा' घोषित किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष हरीश गर्ग को श्रेष्ठ अध्यक्ष व सचिव बृजेश जादौन को श्रेष्ठ सचिव चुना गया। इस अवसर पर निशी शर्मा, विशाखा अग्रवाल, अमृतलाल जावा, सुमित गोयल, नितिन मित्तल अग्रवाल, अरुण शर्मा, रुचि मित्तल, आशा अरोड़ा, पार्षद प्रमोद राघव, पार्षद मदन राय, महिपाल सिंह बैंसला आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद भंडारा प्रसाद का वितरण भी किया गया।




# एक के बाद एक खाली हो रहे हैं सर्किल

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार एक के बाद एक एसीपी स्तर के अधिकारियों के सर्किल खाली हो रहे हैं। तो कौन नया आएगा, इसका सस्पेंस अभी भी बरकरार है। वहीं तीन साल वाले कब रवाना होंगे, इस पर भी अभी स्थिति क्लियर नहीं हो पा रही है। तो उधर राहत वाली बात है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक एडीसीपी साहब की आमद हो गई है। अब देखना होगा कि उन्हें कहां शिफ्ट किया जाता है या उनके नाम पर पहले ही कुछ रिजर्व है। इन सबके बीच जानकारी यह मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में देहात वाला एक सर्किल पहले ही खाली हो गया था। तो अब दूसरे सर्किल वाले साहब भी लगभग रेस्ट पर चले गए हैं। तो अब पुलिस वाले सूत्र बता रहे हैं की नदिया पार वाली मैडम भी कभी भी रवाना हो सकती हैं। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तीन एसीपी जाने के लिए तैयार बैठे ही हैं। तो दो जुगाड़ लगाने में लगे हुए हैं। एक तो पहले भी लगा चुके हैं, एक की कोशिश इस बार नई हुई है। कुल मिलाकर कहा जाए तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एसीपी स्तर पर आने वाले दिनों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। तीन से पांच सर्किल के फेस बदलेंगे, तो रेस में कुछ नाम और जुड़ सकते हैं। इन सबके बीच बताया जा रहा है कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में देहात के दो अलग-अलग मामलों में पुराने वाले इलाके के साहब की एंट्री हुई है, उससे वहां वाले साहब की वर्किंग पर सवाल आ गया है। वहीं बताया जा रहा है कि जब से सिटी के खास सर्किल से वह देहात पहुंचे हैं उनका मामला हाई चल रहा है। बड़े-बड़े मामलों में उनकी बाइट आ रही है। तो वह फ्रंट फुट पर बैटिंग कर रहे हैं। अब बताया जा रहा है कि उनका मामला अभी फाइनल नहीं हो पाया है लेकिन जिस तरीके से वह अपनी वर्किंग का परिचय दे रहे हैं, उनकी राह आसान हो सकती है। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक सर्किल प्रहार के नाम पर खाली फोटो सेशन से काम चला रहा है। अब देखना होगा आने वाले दिनों में किस सर्किल में बड़ा उलट फेर देखने को मिल सकता है। कुल मिलाकर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि अप्रैल के अंतिम दिनों में कई बड़े फैसले लिए जाने हैं।




# डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

**मोदी नगर, करंट क्राइम।** डॉ0 केएन मोदी फाउंडेशन, के अंतर्गत सोमवार को डॉ0 केएन मोदी विश्वविद्यालय, द्वारा 28वे रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का उद्घाटन डॉ0 केएन मोदी फाउंडेशन, के चैयरमैन प्रो0 डॉ0 डीके मोदी व कुलसचिव यूएन मिश्रा, डॉ0 विश्वविद्यालय के कुलपति पीएन ऋषीकेश, फाउंडेशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ0 दीपांकर शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रो0 डॉ0 डीके मोदी ने रक्तदान की महत्ता को समझाते हुए सभी को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। कुलपति पीएन ऋषीकेश ने बताया की आपके द्वारा किया गया रक्तदान अनेको लोगों की जिन्दगी बचा सकता है।



रक्तदान शिविर का आयोजन एमएमजी जिला हॉस्पिटल गाजियाबाद के डॉ० अंजुल चैधरी, डॉ0 विनोद कुमार व डॉ0 सुजीत कुमार के सहयोग से किया गया। शिविर में 100 यूनिट से अधिक रक्तदान हुआ। इस अवसर पर विभिन्न संस्थानो के निदेशक, विभागाध्यक्ष, अध्यापकगण व छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन तरुण कुमार, डॉ० ब्रजेश कुमार, आशीष मिश्रा व हरेंद्र सिंह शैलोन द्वारा किया गया।

# आई.टी.एस. मोहन नगर में 'Gen AI' ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन




**235 छात्रों को मिले प्रमाणपत्र**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई.टी.एस. यूजी कैंपस, मोहन नगर में बीसीए (डेटा साइंस एवं साइबर सिक्योरिटी) के छात्रों के लिए आयोजित "Gen AI for Business Training Program" का भव्य समापन प्रमाणपत्र वितरण समारोह के साथ हुआ। अर्न्स्ट एंड यंग द्वारा संचालित इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में सफल रहे 235 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

**उद्घाटन:** संस्थान के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा और प्राचार्या डॉ. नैन्सी शर्मा ने पारंपरिक दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**प्रशिक्षण का उद्देश्य:** छात्रों को ChatGPT, इमेज जनरेटर और डेटा इनसाइट्स जैसे जेनरेटिव एआई टूल्स के व्यावहारिक उपयोग और बिजनेस ऑटोमेशन की बारीकियों से अवगत कराया गया।

**प्रेरणा:** वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने एआई की भविष्य में बढ़ती उपयोगिता पर जोर देते हुए छात्रों को निरंतर सीखने और नवाचार के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या डॉ. नैन्सी शर्मा ने छात्रों को आईटी क्षेत्र के बदलते स्वरूप के अनुरूप खुद को ढालने की सलाह दी। इस अवसर पर डीन एकेडमिक्स डॉ. विदुषी सिंह, बीबीए विभागाध्यक्ष प्रो. आदिल खान सहित कॉलेज का स्टाफ और अभिभावक उपस्थित रहे।

# लिव-इन पार्टनर ने युवक पर डाला खौलता तेल गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही एक महिला द्वारा अपने प्रेमी पर खौलता हुआ तेल डालने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना में युवक गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे उपचार के लिए सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अमित काकरान के अनुसार, शैलेंद्र पुत्र गिरीश चंद्र ने सोमवार को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनका भाई अंशु (28 वर्ष), मूल रूप से कन्नौज का निवासी है और पिछले करीब एक वर्ष से छीजारसी गांव में 40 वर्षीय महिला रूबी के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था।

रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद महिला ने गुस्से में आकर अंशु पर खौलता हुआ तेल फेंक दिया। इस घटना में वह बुरी तरह झुलस गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम

**Keshav Prasad Maurya**
2h

कैम्प कार्यालय, लखनऊ पर उत्तर प्रदेश सरकार में मा. राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नरेंद्र कुमार कश्यप जी एवं मा. विधायक श्री सुशील कुमार शाक्य जी से शिष्टाचार भेंट कर समसामयिक विषयों पर चर्चा की।

Narendra Kumar Kashyap



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से लखनऊ में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने मुलाकात की। इस मुलाकात की खास बात यह रही की मुलाकात के इस पल को खुद डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अपने फेसबुक अकाउंट से साझा किया। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की मुलाकात कि यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# ईरान-अमेरिका टकराव गहराया, समझौते की राह मुश्किल

## विशेषज्ञों की चेतावनी–समझौता न हुआ तो बढ़ सकता है बड़ा संघर्ष

**मॉस्को।** ईरान का रुख काफी सख्त नजर आ रहा है और वह किसी भी तरह की रियायत देने के मूड में नहीं है। वहीं अमेरिका उचित समझौते की बात कर रहा है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच भरोसे की कमी और बड़े मुद्दों पर टकराव के कारण शांति की राह फिलहाल बेहद मुश्किल दिख रही है।

ईरान और पश्चिमी देशों के बीच जारी तनाव अब एक बेहद अहम मोड़ पर पहुंच गया है। ईरान के न्यायपालिका प्रमुख गुलाम होसेन मोहसेनी एजेई ने साफ शब्दों में कहा है कि ईरान अपनी मांगों से 'एक इंच भी पीछे नहीं हटा है' और आगे भी नहीं हटेगा। सरकारी मीडिया आईएसएनए को दिए बयान में उन्होंने कहा कि हालिया संघर्ष के दौरान पूरा ईरान एकजुट होकर बाहरी हमलों का सामना करता रहा और यह एकता देश के इतिहास में शायद ही कभी देखने को मिली हो।

'ईरान ने दुनिया की बड़ी ताकतों को मजबूती से दिया जवाब' एजेई ने इस एकजुटता को खुदा की रहमत बताते हुए कहा कि ईरान ने दुनिया की बड़ी ताकतों के खिलाफ मजबूती से खड़े होकर जवाब दिया। उन्होंने दावा किया कि जिन देशों ने हमला किया था, अब वही बातचीत की राह तलाश रहे हैं, जबकि तेहरान अपने रुख पर पूरी तरह कायम है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि युद्ध और शांति से जुड़े सभी फैसले देश के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के दिशा-निर्देशों के तहत ही लिए जा रहे हैं और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा।

यह बयान ऐसे समय आया है जब दो हफ्तों का युद्धविराम 22 अप्रैल को खत्म होने वाला है। ईरान और अमेरिका के बीच पहले दौर की बातचीत पहले ही गतिरोध में फंस चुकी है। मुख्य विवाद होर्मुज जलडमरूमध्य और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर है। अब इस्लामाबाद में चल रही बातचीत को आखिरी कूटनीतिक मौका माना जा रहा है, क्योंकि इसके बाद हालात बड़े युद्ध की ओर बढ़ सकते हैं।

### ईरान बोला:मांगों से एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगे



### बराबरी और निष्पक्षता के आधार पर ही संभव

काजेम जलाली ने यह भी कहा कि जो लक्ष्य अमेरिका युद्ध के दौरान हासिल नहीं कर पाया, वह बातचीत के जरिए भी हासिल नहीं कर सकेगा, यहां तक की अगर नेतृत्व में डोनाल्ड ट्रंप ही क्यों न हो। उनके मुताबिक, बातचीत तभी संभव है जब दोनों पक्ष बराबरी और निष्पक्ष समझौते के आधार पर आगे बढ़ें, न कि दबाव या नाकेबंदी के साए में। विश्लेषकों का मानना है कि अगर आने वाले दिनों में कोई ठोस समझौता नहीं होता, तो यह टकराव एक बड़े और खतरनाक संघर्ष में बदल सकता है।

### ईरानी राजदूत का अमेरिका-इस्राइल पर तीखा हमला

इसी बीच रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली ने भी अमेरिका और इस्राइल पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के सैन्य हमले पूरी तरह नाकाम रहे और वे अपने किसी भी लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाए। उनका कहना था कि शुरूआत में अमेरिका और उसके सहयोगी ईरान में सत्ता परिवर्तन चाहते थे, लेकिन अब उनकी मांगें सिमटकर सिर्फ समुद्री रास्ते खोलने तक रह गई हैं।

# ईरान में आईआरजीसी का दबदबा, शांति वार्ता पर संकट गहराया

## सेना और विदेश नीति पर आईआरजीसी का बढ़ा नियंत्रण

**तेहरान।** ईरान को लेकर आई एक रिपोर्ट के मुताबिक, अब वहां की सेना और विदेश नीति पर कट्टरपंथी संगठन इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) का पूरा नियंत्रण हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईआरजीसी के कमांडर अहमद वाहिदी और उनके सहयोगी अब देश के फैसले ले रहे हैं, जबकि पहले जो नेता बातचीत और शांति की कोशिश कर रहे थे, उन्हें किनारे कर दिया गया है।

### अराघची के फैसले को IRGC ने मानने से किया इनकार

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची अमेरिका के साथ बातचीत कर हालात सामान्य करना चाहते थे। यहां तक कि उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने पर भी सहमति जताई थी, जो दुनिया के लिए बेहद अहम तेल मार्ग है। लेकिन आईआरजीसी ने इस फैसले को मानने से इनकार कर दिया और साफ कर दिया कि यह रास्ता बंद ही रहेगा।

अराघची पर ज्यादा नरम रुख अपनाने का आरोप

इसके अलावा, ईरान की बातचीत टीम के अंदर भी मतभेद सामने आए हैं। बताया गया है कि कुछ नेताओं ने आरोप लगाया कि विदेश मंत्री ने अपनी सीमा से ज्यादा जाकर नरम रुख अपनाया, जिसके बाद पूरी टीम को वापस तेहरान बुला लिया गया। इससे साफ है कि अब देश के अंदर सख्ती बढ़ रही है और अलग राय रखने वालों के लिए जगह कम होती जा रही है।

शांति वार्ता पर पड़ेगा नेतृत्व परिवर्तन का असर?

इस पूरे घटनाक्रम का असर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दिख रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की संभावनाएं काफी कमजोर हो गई हैं, क्योंकि जिन नेताओं के पास बातचीत की जिम्मेदारी है, उनके पास अब फैसला लेने की ताकत ही नहीं बची है। फिलहाल, हालात काफी नाजुक बने हुए हैं। संघर्षविराम कब तक चलेगा, इस पर भी अनिश्चितता बनी हुई है। ऐसे में आने वाले दिनों में यह देखना अहम होगा कि क्या दोनों देशों के बीच तनाव कम होगा या हालात और बिगड़ेंगे।



### अहमद वहीदी को प्रभावशाली नेताओं का समर्थन

रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि आईआरजीसी के भीतर अहमद वहीदी को मोहम्मद बगेर जोलगाद्र जैसे प्रभावशाली नेताओं का समर्थन मिल गया है, जिससे उनकी पकड़ और मजबूत हो गई है। इन नेताओं का असर अब सिर्फ सेना तक सीमित नहीं है, बल्कि वे सीधे कूटनीतिक फैसलों में भी दखल दे रहे हैं।

### होर्मुज में जहाजों पर की गई फायरिंग, बढ़ा तनाव

स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब ईरान ने इस जलमार्ग से गुजरने की कोशिश कर रहे कई जहाजों को निशाना बनाया। इससे फारस की खाड़ी में सैकड़ों जहाज फंस गए और वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ गई। यह कदम आईआरजीसी की ताकत और उसके सख्त रुख को दिखाता है।

# अमेरिका-ईरान जंग में 3375 से अधिक मौतें

## हताहतों में सैकड़ों बच्चे, टकराव 52 दिनों से जारी



**तेहरान।** अमेरिका-ईरान टकराव के बीच युद्ध की भयावह तस्वीर अब और साफ होती जा रही है। 52 दिनों से जारी इस संघर्ष में मौतों का आंकड़ा 3,300 के पार पहुंच चुका है, जिसने हालात की गंभीरता को उजागर कर दिया है। ईरान की लीगल मेडिसिन ऑर्गनाइजेशन के प्रमुख अब्बास मस्जिदी के अनुसार, अब तक 3,375 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। खास बात यह है कि इन हताहतों में सैकड़ों बच्चे भी शामिल हैं, जो इस युद्ध के मानवीय संकट को और गहरा बना रहे हैं। लगातार हो रहे हमलों के बीच बढ़ती मौतें क्षेत्र में तनाव और अनिश्चितता को और बढ़ा रही हैं।

बच्चों की बड़ी संख्या शामिल

जारी आंकड़ों के अनुसार, मृतकों में 383 बच्चे शामिल हैं, जिनकी उम्र 18 साल या उससे कम थी। यह आंकड़ा युद्ध की गंभीरता को और बढ़ाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, मृतकों में 2,875 पुरुष और 496 महिलाएं शामिल हैं। हालांकि, इन आंकड़ों में नागरिक और सुरक्षा बलों के बीच कोई स्पष्ट अंतर नहीं बताया गया है। अधिकारियों के अनुसार, मरने वालों में से केवल चार लोगों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है।

# जापान में 7.4 तीव्रता का भूकंप, सुनामी का खतरा बढ़ा

## तटीय इलाकों में अफरा-तफरी, लोगों को ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील




**जापान।** जापान में 7.4 तीव्रता से आए भूकंप के झटकों ने लोगों में अफरा-तफरी मची दी, जिससे उत्तरी तटीय इलाकों में सुनामी का खतरा बढ़ गया। देश के दो बड़े शहर इवाते प्रीफेक्चर और होक्काइडो में 3 मीटर तक ऊंची लहरों की चेतावनी दी गई है। सरकार ने लोगों को तुरंत ऊंचे स्थानों पर जाने और कई बार आने वाली लहरों से सावधान रहने की सख्त अपील की है। जापान में सोमवार को भीषम भूकंप के झटकों ने लोगों में दहशत फैला दी। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके के अनुसार, उत्तरी जापान में 7.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके बाद तटीय इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई। प्रशासन ने खासतौर पर इवाते प्रीफेक्चर और होक्काइडो के तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को तुरंत सुरक्षित जगहों या ऊंचे इलाकों में जाने को कहा है। अधिकारियों के मुताबिक, समुद्र में 3 मीटर तक ऊंची लहरें उठ सकती हैं, जो तट पर पहुंचकर नुकसान कर सकती हैं।

जापान सरकार ने चेतावनी दी है कि सुनामी की लहरें एक बार नहीं, बल्कि कई बार आ सकती हैं। इसलिए लोगों को तब तक सुरक्षित स्थानों पर ही रहना चाहिए जब तक सभी चेतावनियां खत्म नहीं हो जातीं। साथ ही यह भी कहा गया है कि लहरें तय समय से पहले या बाद में आ सकती हैं और उनकी ऊंचाई अनुमान से ज्यादा हो सकती है।

### प्रभावित इलाकों में लोगों को दी गई सलाह

प्रभावित इलाकों में लोगों को समुद्र किनारे और नदियों के मुहानों से दूर रहने की सलाह दी गई है, क्योंकि वहां पानी तेजी से भर सकता है। बचाव और आपातकालीन सेवाएं अलर्ट पर हैं और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। बता दें कि जापान दुनिया के सबसे ज्यादा भूकंप प्रभावित देशों में से एक है। यह प्रशांत अग्नि वलय क्षेत्र में स्थित है, जहां चार बड़ी टेक्टोनिक प्लेट्स मिलती हैं। यहां हर साल करीब 1500 भूकंप आते हैं, जो दुनिया के कुल भूकंपों का लगभग 18 प्रतिशत हैं।

### जापान में हर साल करीब 1500 बार आते हैं भूकंप के झटके

गौरतलब है कि जापान में भूकंप को नई बात नहीं है। यहां हर साल करीब 1500 भूकंप आते हैं, जो दुनिया के कुल भूकंपों का लगभग 18 प्रतिशत हैं। हालांकि ज्यादातर भूकंप हल्के होते हैं, लेकिन कई बार बड़े भूकंप भारी तबाही भी ला सकते हैं। साल 2011 में आए भीषण भूकंप और सुनामी ने जापान में भारी नुकसान किया था। इस त्रासदी को 2011 तोहोकू भूकंप और सुनामी के नाम से जाना जाता है, जिसमें करीब 18,500 लोगों की मौत या लापता होने की खबर थी और फुकुशिमा परमाणु संयंत्र में गंभीर परमाणु हादसा हुआ था। फिलहाल सरकार हालात पर नजर बनाए हुए है और लोगों से सावधानी बरतने की अपील कर रही है।

# लेबनान में यीशु प्रतिमा वाली तस्वीर पर बवाल

## इस्राइली सेना ने जांच शुरू की



**तेल अवीव।** दक्षिणी लेबनान के देबेल गांव में ईसा मसीह की प्रतिमा को कथित तौर पर नुकसान पहुंचाने वाले इस्राइली सैनिक की तस्वीर वायरल होने के बाद इस्राइली सेना ने जांच शुरू कर दी है। सेना ने इस कृत्य की निंदा की है। लेबनान के दक्षिणी हिस्से में एक वायरल तस्वीर को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले में इस्राइली सेना ने जांच शुरू कर दी है। तस्वीर में एक इस्राइली सैनिक को कथित तौर पर यीशु मसीह की क्रूस पर लगी प्रतिमा को नुकसान पहुंचाते हुए दिखाया गया है। यह तस्वीर लेबनान के देबेल गांव की बताई जा रही है।

### इस्राइली सेना ने शुरू की जांच

इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि वे इस घटना को गंभीरता से ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सैनिक का आचरण पूरी तरह से उन मूल्यों के विपरीत है जिनकी उनसे अपेक्षा की जाती है। आईडीएफ के उत्तरी कमान ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

आईडीएफ ने कहा 'जांच के निष्कर्षों के अनुसार, इसमें शामिल लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।' सेना ने यह भी कहा कि वे स्थानीय समुदाय की प्रतिमा को उसके मूल स्थान पर बहाल करने में सहायता करने के लिए काम कर रहे हैं।

### वायरल तस्वीर से बढ़ा विवाद

दावा किया जा रहा है कि एक सैनिक ने हथौड़े या कुल्हाड़ी जैसी चीज से प्रतिमा पर वार किया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में गुस्सा देखा जा रहा है।

# होर्मुज में तनाव: भारतीय जहाज पर फायरिंग पर चीन की चिंता

## भारतीय झंडे वाले जहाज पर फायरिंग से बढ़ी नेविगेशन सुरक्षा चिंता

### चीन ने उकसावे से बचने और सीजफायर पालन की अपील की

**बीजिंग।** चीन ने होर्मुज से गुजर रहे भारतीय झंडे वाले जहाज पर फायरिंग को लेकर बयान दिया है। विदेश मंत्रालय ने उकसावे से बचने की अपील की है। नियमित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने ये बात कही। इसके साथ ही चीन ने ईरानी झंडे वाले जहाज को रोकने और फिर उसे कब्जे में लेने की अमेरिकी कार्रवाई पर चिंता जताई है। चीन के अनुसार सभी पक्षों को जिम्मेदारी के साथ सीजफायर का पालन करना होगा। वो प्रेस की ओर से पूछे सवालों का जवाब दे रहे थे।

### 'भारतीय शिप ईरानी फायरिंग चिंता का विषय''

ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, उनसे भारतीय शिप पर हमले को लेकर पूछा गया कि ईरानी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट में भारतीय झंडे वाले एक जहाज पर फायरिंग की थी, जिससे नेविगेशनल सेफ्टी को लेकर चिंता बढ़ गई थी। चीन इस तनाव को कैसे देखता है और स्ट्रेट में अपने शिपिंग और एनर्जी हितों की सुरक्षा के लिए वह किन उपायों पर विचार कर रहा है?



इसके जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जियाकुन ने कहा कि होर्मुज की स्थिति बहुत नाजुक है, लेकिन चीन को उम्मीद है कि सभी पक्ष इसकी गंभीरता को समझेंगे। उन्होंने कहा, मैंने होर्मुज स्ट्रेट के मुद्दे पर चीन का रुख पहले ही बता दिया है। हम यह दोहराना चाहेंगे कि होर्मुज स्ट्रेट एक इंटरनेशनल वॉटरवे है, और इसे नेविगेशन के लिए खुला रखना इस इलाके के देशों और इंटरनेशनल कम्युनिटी के हक में है।

उनके अनुसार सब मिलकर काम करेंगे और चीन अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के साथ मिलकर कोशिशें जारी रखने को तैयार है। उन्होंने सभी पक्षों से अपील की कि वे तनाव बढ़ाने से बचें और ऐसा माहौल बनाएं जिससे इस रास्ते पर सामान्य आवाजाही शुरू हो सके।

ईरानी जहाज को कब्जे में लेने की बात अमेरिका ने की थी। कहा था कि उसने एक ईरानी जहाज के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे कब्जे में ले लिया, क्योंकि वह ईरानी बंदरगाहों पर लगी नाकाबंदी से बचने की फिराक में था।

# ट्रंप के टैरिफ वार से परेशान कनाडा

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिका के साथ बढ़ते व्यापारिक तनाव के बीच देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नई रणनीति पर जोर दिया है। उन्होंने साफ कहा कि अब सिर्फ अमेरिका पर निर्भर रहना कनाडा की ताकत नहीं, बल्कि कमजोरी बन गया है, और इससे बाहर निकलने के लिए दुनिया के अन्य देशों के साथ व्यापार बढ़ाना जरूरी है।

'अमेरिका ने अपने व्यापारिक रवैये में किया बदलाव' : ओटावा से जारी एक वीडियो संदेश में कार्नी ने बताया कि अमेरिका ने अपने व्यापारिक रवैये में बड़ा बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में टैरिफ (आयात शुल्क) को इतना बढ़ा दिया गया है, जैसा कि पहले केवल महामंदी के समय देखा गया था। इन भारी शुल्कों का सीधा असर कनाडा के ऑटोमोबाइल, स्टील और लकड़ी (लंबर) उद्योग पर पड़ा है।

अमेरिका ने कनाडा के कई उत्पादों पर लगाए हैं टैरिफ : रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 की शुरूआत से ही अमेरिका ने कनाडा से आने वाले कई उत्पादों पर कड़े टैरिफ लगाए हुए हैं।

# लेबनान में मूर्ति विवाद पर बवाल:

## इस्राइली सैनिक के शामिल होने का दावा, नेतन्याहू ने किया खारिज, जांच के आदेश



**बुरूत।** इस्राइल-लेबनान तनाव के बीच दक्षिण लेबनान में मूर्ति तोड़फोड़ का मामला भड़क गया। वायरल वीडियो में गलत दावा फैलने के बाद नई तस्वीर से इस्राइली सैनिक की भूमिका सामने आई।इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने घटना को गंभीर बताते हुए जांच और सख्त कार्रवाई के आदेश दिए, साथ ही धार्मिक भावनाओं को ठेस पर खेद जताया।

इस्राइल और लेबनान के बीच जारी भीषण संघर्ष के बीच एक नया विवाद भड़क उठा है, जिसने हालात को और तनावपूर्ण बना दिया है। धर्म से जुड़े इस मामले ने राजनीतिक और सामाजिक टकराव का रूप ले लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में दावा किया गया कि मुसलमानों ने ईसा मसीह की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया है, जिसके बाद आरोप-प्रत्यारोप और विरोध प्रदर्शन तेज हो गए।

### नेतन्याहू ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

इस घटना पर इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह घटना गंभीर और दुखद है और इस पर देश के लगभग सभी लोग हैरान और दुखी हैं। उन्होंने बताया कि सेना इस मामले की आपराधिक जांच कर रही है और दोषी सैनिक के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। नेतन्याहू ने कहा कि इस्राइल सभी धर्मों के लिए धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान करता है और इस घटना से जो भी आहत हुआ है, उसके लिए खेद व्यक्त किया गया है।


**कार्यालय: नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर**

पत्रांक: 540 /न0पा0परि0खो0 / 2026 दिनां

–:: ई प्रोक्योरमेन्ट / ई–टेण्डरिंग निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर जनपद गाजियाबाद के क्षेत्र निकाय शौचालयों की छत) पर विज्ञापन ठेका हेतु (वित्तीय वर्ष 202 फर्मो/ठेकेदारों/एजेन्सियों से तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव आमंत्रित किये ज वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिये गये नियम व शर्तों के अनुसार जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तों वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की अपरान्ह 14:00 बजे से दिनांक 02 मई, 2026 के अपरान्ह 12:00 बजे त से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 02 मई, 2 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी प्रस्ताव/ सकते है। प्रस्ताव/टेण्डर एवं उससे सम्बन्धित शर्तें जिले की वेबसाइट ww भी देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | Ltr.No-:पत्रांक: / / निविदा / 2026 दिनांक: |
| Publish and Time for RFP | 21 अप्रैल 2026 को अपर |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 02 मई, 2026 को अपरा |
| Date and time of Opening Tender | 02 मई, 2026 को अपरा |
| Place of Opening of E-Tender | Office Nagar Palika Paris |


# क्लस्टर बमों का किया परीक्षण, किम जोंग-उन की बेटी भी रहीं मौजूद



**उत्तर कोरिया।** उत्तर कोरिया ने रविवार को क्लस्टर बम का परीक्षण किया। यह जानकारी सोमवार को मीडिया ने दी। परीक्षण के दौरान किम जोंग-उन की बेटी जू-ए भी नजर आई। जिनके बारे में माना जाता है कि उन्हें उनके उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जा रहा है। उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइलों के अपने नवीनतम प्रक्षेपण में क्लस्टर बमों का परीक्षण किया है। यह परीक्षण नेता किम जोंग-उन की देखरेख में हुई है।दक्षिण कोरिया की सेना ने उत्तर कोरिया के सिनफो क्षेत्र से सुबह लगभग 6:10 बजे पूर्वी सागर की ओर दागी। कई अल्प दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों का पता लगाने के एक दिन बाद, कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने ह्वासोंग-11 रा सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण की रिपोर्ट प्रकाशित की।

### एक द्वीप के पास हुआ परीक्षण

केसीएनए ने कहा कि परीक्षण प्रक्षेपण का उद्देश्य हथियार प्रणाली में लगे क्लस्टर बम वारहेड और विखंडन माइन वारहेड की शक्ति का मूल्यांकन करना था। केसीएनए की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 136 किलोमीटर दूर स्थित लगभग 13 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाले एक द्वीप के पास एक लक्ष्य क्षेत्र पर पांच मिसाइलों ने हमला किया। यह अत्यधिक घनत्व वाला क्षेत्र था, जिससे उनकी युद्ध क्षमता पूरी तरह से प्रदर्शित हुई। नेता ने हथियार विकास के लिए जिम्मेदार विज्ञान अनुसंधान समूहों को भी प्रोत्साहित किया और कहा कि वे हमारी सेना की युद्ध तत्परता के लिए आवश्यक विभिन्न अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को प्राप्त करने और अद्यतन करने के अपने महत्वपूर्ण प्रयासों को जारी रखेंगे। किम के साथ परीक्षण प्रक्षेपण में केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य किम जोंग-सिक, मिसाइल प्रशासन के प्रमुख जांग चांग-हा और सैन्य इकाई के कमांडर भी उपस्थित थे।

### संयुक्त राष्ट्र ने की निंदा

रविवार को किया गया यह प्रक्षेपण 8 अप्रैल को उत्तर कोरिया द्वारा कई अल्प दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के परीक्षण के बाद हुआ। उस समय राज्य मीडिया ने कहा था कि देश ने क्लस्टर बम वारहेड से युक्त एक सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था। इसके साथ ही दावा किया था कि यह उच्चतम घनत्व शक्ति के साथ लक्षित क्षेत्रों को राख में बदल सकती है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा कार्यालय ने उत्तर कोरिया द्वारा किए गए नवीनतम मिसाइल प्रक्षेपण की निंदा करते हुए इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन बताया है और उत्तर कोरिया की मिसाइल संबंधी उकसावों को तत्काल रोकने का आह्वान किया है।

### इस्राइली हवाई रक्षा प्रणाली के लिए एक चुनौती

क्लस्टर बम दर्जनों से लेकर सैकड़ों छोटे बम छोड़ता है, जिससे यह एक विस्तृत क्षेत्र में कई लक्ष्यों को निशाना बना सकता है। इस हथियार का इस्तेमाल ईरान द्वारा मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष में किया गया है, जिससे यह इस्राइली हवाई रक्षा प्रणाली के लिए एक चुनौती बन गया है। उत्तर कोरिया की रिपोर्ट से पता चलता है कि रविवार के परीक्षण में मिसाइल वॉरहेड में लगे क्लस्टर बम और हवाई विखंडन खदानों का प्रक्षेपण शामिल था।

21 April -26 page 8 20-04-2026 11:15 PM Page 1






# राजनगर एक्सटेंशन मै धूमधाम से मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा रहे मुख्य अतिथि, हजारों लोग शामिल हुए





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन की फॉरच्यून रेजिडेंसी के क्लब मै परशुराम जन्मोत्सव प्रतिवर्ष की भाँति धूमधाम से मनाया गया, जिसमें भजन संध्या, मनमोहन झांकियां, फूलों की होली व पारिवारिक मंगल मिलन कार्यक्रम हुआ और भक्तों ने कार्यक्रम का आनंद लिया, कार्यक्रम मै 500 से अधिक ब्राह्मण परिवार शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा का समिति के सदस्यों ने फरसा भेट कर स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ भगवान परशुराम जी के आदर्शों धर्म, पराक्रम और न्याय को आत्मसात करने का संदेश साझा किया। कार्यक्रम मै विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अनिल अग्रवाल (पूर्व राज्यसभा सांसद), डॉ संजीव शर्मा (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य), जै के गौर, पारस शर्मा (हीरा स्वीट), दिनेश रैना, अनुराग कोशिश, थानाध्यक्ष अनुराग शर्मा, दामोदर लीला दास प्रभु (इस्कॉन) का समिति के सदस्यों ने प्रतीक चिन्ह और फरसा भेट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम मे भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, संरक्षक आशुतोष तिवारी, राजन त्रिपाठी, देवेन्द्र चौबे, एन के शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष भारद्वाज, विवेक शर्मा, अभिनव पांडे, आदित्य पंडित, सचिव बिजेंद्र विद्रोही, सह सचिव अरविंद भारद्वाज, कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी, सह कोषाध्यक्ष पवन द्विवेदी, महामंत्री बी पी उपाध्याय, अभिषेक पांडे, सौरभ शर्मा, विशाल शर्मा, प्रवक्ता पद्माकर मिश्रा, प्रचार प्रभारी केके पांडे, मीडिया प्रभारी सुजीत झा, गौरव शर्मा, प्रवीण उपाध्याय, नितिन शर्मा, अरुण मिश्रा, एम के अग्रवाल, नीरज विजयवर्गीय, सीमा सक्सेना, अरविंद त्यागी, कपिल त्यागी, कमलदीप त्यागी, मंजूमन त्रिपाठी, केके शर्मा, राजकुमार भाटी, कपिल शर्मा, करुणा शर्मा, अनुराधा शर्मा, दिशा शर्मा, दिव्या त्यागी, रिंकी शर्मा, श्वेता सक्सेना, अलका रानी, प्राची अग्रवाल, नीतिका शुक्ला, वसुंधरा मिश्रा, लक्ष्मी शुक्ला, चिंकी शर्मा, कल्पना दुबे, आदि मुख्य रूप से रहे ! कार्यक्रम मे हजारों भक्तों ने प्रतिभाग किया।

# अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा ने सरकार के समक्ष रखी 13 सूत्रीय मांगें

## 75 हजार रिक्त पदों पर स्थायी भर्ती की उठी मांग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा (उत्तर प्रदेश) ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर वाल्मीकि समाज और सफाई कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु 13 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। महासभा ने सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए स्पष्ट किया कि वाल्मीकि समाज प्रखर हिंदुत्ववादी विचारधारा के साथ मजबूती से खड़ा है, लेकिन अपनी सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा के लिए ठोस निर्णयों की प्रतीक्षा कर रहा है।

महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप चौहान वाल्मीकि और गाजियाबाद जिलाध्यक्ष शाक्तास जोनवाल ने मांग की है कि प्रदेश के नगर निकायों में रिक्त पड़े 75,000 स्थायी सफाई कर्मचारी पदों पर तत्काल भर्ती की जाए। साथ ही, निकायों में जारी निजीकरण और प्राइवेट कंपनियों के हस्तक्षेप को पूरी तरह समाप्त करने की अपील की गई है।

पत्र में मुख्यमंत्री द्वारा घोषित आउटसोर्सिंग ई-निगम के जल्द गठन और संविदा/आउटसोर्सिंग कर्मियों के लिए 20,000 रुपये प्रतिमाह न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने का शासनादेश जारी करने की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2006 से कार्यरत संविदा कर्मियों को स्थायी करने और अन्य राज्यों की तर्ज पर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के नियमितीकरण की बात भी प्रमुखता से उठाई गई है।

**स्वास्थ्य सुविधाः** सफाई कर्मचारियों को भी राजकीय कर्मचारियों की भाँति पं. दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाए।

**बीमा कवचः** सेवारत रहते मृत्यु होने पर कर्मचारी के परिवार को 20 लाख रुपये का सरकारी बीमा और संविदा कर्मियों के परिजनों को मृतक आश्रित कोटे के तहत नियुक्ति दी जाए।

**कानूनी अधिकारः** सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार उप-वर्गीकरण को वाल्मीकि समाज के हित में लागू किया जाए।

**कार्यालय आवंटनः** प्रदेश के एकमात्र मान्यता प्राप्त सफाई कर्मचारी संघ के लिए लखनऊ स्थित दारुल शफा में कार्यालय आवंटित किया जाए।

**ईपीएफ की जाँचः** वर्ष 2011 से लागू ईपीएफ/ईएसआई नियमों का पालन न करने वाले निकायों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

**प्रतिनिधिमंडल ने माँगा समय** : महासभा ने अयोध्या में भगवान वाल्मीकि के नाम पर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और भव्य मंदिर निर्माण के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया। अंत में, प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से इन विषयों पर विस्तार से चर्चा करने हेतु प्रतिनिधिमंडल को समय देने का आग्रह किया है, ताकि समाज की समस्याओं का स्थायी निस्तारण हो सके।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उन्हें मिल रहे हैं अंदरखाने मजबूत सबूत? लेडी वाले मोर्चे ने किसी मैडम ठाकुर को अध्यक्ष बनाने का रहेगा रुख? कहने वाले ने कहा अधिकतर मामला हो गया है पास, बस पद ही आना रह गया है मैडम मे पास? कहने वाले ने कहा बस मोहल्ले के ही कुछ लोग उन का रथ रोकने का कर सकते हैं प्रयास?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब आपने कर ली है लेडी मोर्चे की बात तो अब युवा मोर्चे पर भी प्रकट कर दो अपने अल्फाज? खींच लो सभी दावेदारों का इस ओर ध्यान? युवा चौधरी का होने वाला है इस मामले में काम? उन्हीं को मिलेगी ये वाली जिम्मेदारी, उनकी दावेदारी पड़ गई है अच्छे-अच्छों पर भारी? पता तो ये भी चला है कि योद्धा भी कराना चाहते हैं इस चेहरे को सवारी? वैसे भी ये चेहरा सक्रियता के मामले में बाकी दावेदारों पर है भारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** चलो अब आप बता दो ओबीसी वाले मोर्चे की भी कहानी? यहां भी सुन लें दावेदारी की बात आपकी जुबानी? कर दो सामने वालों को इतना कन्फर्म, यादव जी को तो वो बिल्कुल भी नहीं होनें देंगे रिटर्न? धामा और नदिया पार नागर पर खेला जा सकता है गेम, बात नहीं बनीं तो लास्ट में महरोली का छोरा भी कर सकता है इस पद पर क्लेम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ये बात सुनकर हैरान होंगे आप? जिस मोर्चे के बल पर भगवा भारद्वाज ने प्राप्त किया है महान मंत्री का पद, उस मोर्चे का अध्यक्ष बनने का कोई क्रेज नहीं दिखा रहा है खास? यहां पर इंट्रस्ट नहीं दिखा रहे हैं भारद्वाज जी की टीम के चेहरे? कहने वाले ने कहा- सबसे कम लग रहे हैं इस पद को पाने के लिये पार्टी कार्यालय पर डेरे?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार में इन दिनों दो पार्षदों की दोस्ती चढ़ रही है परवान? एक हैं हिमांशु चौधरी दूसरे का है विनय चौधरी नाम? सुना है आजकल दोनों हर जगह दिखाई देते हैं साथ? देखते ही बनते हैं दोनों के एक-दूसरे के लिये जज्बात? नदिया पार में भी इस दोस्ती का अध्याय हो गया है शुरू? एक बन गया है जय तो दूसरा हो गया है वीरू?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही क्रांतिकारी धरा के क्रांतिकारी मावी जी बता रहे हों खुद को क्रांतिकारी विधायक का सारथी, मगर हम इंतजार इस बात का कर रहे हैं कि किस तरह उतारी जायेगी उनकी विधानसभा में आरती? क्या क्रांतिकारी विधायक उनका देंगे पूरी शिद्दत से साथ? सुना है इस वक्त मावी बिरादरी के कई प्रमुख चेहरे बन चुके हैं विधायक जी के खास? जो भी हो क्रांतिकारी मावी के विधायक जी को लेकर हैं काफी प्रबल वाले जज्बात?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको दे रहा हूं कार्यालय कराने वाले एक चेहरे की जानकारी, वो लगातार पीते हैं बीड़ी बहुत सारी? जिस पेड़ के नीचे वो करते हैं धूम्रपान, उस पेड़ की भी हालत ना जाने क्या होगी श्रीमान? इतनी कार्बन डाईऑक्साइड लेकर वो कैसे कर रहा होगा ऑक्सीजन तैयार? जो भी हो हमें हो रही थी पेड़ की चिंता, इसलिये हम अपने जज्बात ले आए बाहर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम भी हैं मंत्रीमंडल विस्तार को लेकर पूरी तरह चौकस? मगर, जो हमें अंदर से पता चली है बात, उसके अनुसार पार्टी मंत्री बनाने में मेरठ वाले त्यागी जी पर करेगी फोकस? हमें पता चला है कि मुराद पूरी करने वाले हर सूरत में है पार्टी के साथ? जो भी पार्टी का होगा फैसला वो उसको मानेंगे साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शहर विधायक संजीव शर्मा का जलवा लगातार चल रहा है जलाल? हम देख रहे हैं प्रदेश वाले उनका संगठन के कार्यों में विशेष रूप से रख रहे हैं ख्याल? पहले जहां दी जा चुकी है उन्हें एसआईआर अभियान को लेकर प्रदेश के सहसंयोजक वाली जिम्मेदारी? सुना है पार्टी अब उन्हें मेरठ जिले का प्रशिक्षण वाला बना चुकी हे प्रभारी? कहने वाले ने कहा- आप ना ज्यादा पाले डाउट? देखना जब होगी प्रदेश की घोषणा तो उनका नाम भी सुनाई दे सकता है सबको लाउड?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक बात ने हमारा खींचा बारीकी से ध्यान? लगता है, वो उनसे संतुष्ट नहीं हैं जो देख रहे हैं मीडिया का काम? हमने देखा, फिर से भगवा चौधरी से कराए जा रहे हैं मीडिया वाले काम? अनुभव को मिल रहा है पूरा सलाम? कहने वाले ने कहा- नजर हमारी आज की कवरेज पर है, अगर वो धांसू हो गई तो फिर लाजमी है मौजूदा वालों का परेशान?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# गाजियाबाद में 24 अप्रैल को लगेगा वृहद रोजगार मेला




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद के बेरोजगार युवाओं के लिए 24 अप्रैल 2026 को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में यह मेला मेरठ रोड स्थित एचआरआईटी विश्वविद्यालय (नियर मोरटा) परिसर में सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

रोजगार मेले में टेक्निकल और नॉन-टेक्निकल क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां भाग लेंगी, जहां करीब 1500 से अधिक पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। इसमें हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा और बीटेक योग्यताधारी अभ्यर्थी हिस्सा ले सकते हैं। आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है।

चयनित अभ्यर्थियों को 11 हजार से 48 हजार रुपये प्रतिमाह तक वेतन मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा और अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति व बायोडाटा की कॉपी के साथ निर्धारित समय पर पहुंचना होगा। मेले में चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का वार्ड 74 में स्वागत समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड 74 में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया। क्षेत्रीय पार्षद नरेश आशा भाटी की उपस्थिति में आयोजित इस जनसभा में मंत्री जी ने न केवल जन-समस्याएं सुनीं, बल्कि आगामी चुनौतियों और राजनीतिक षड्यंत्रों से डटकर मुकाबला करने का हौसला भी दिया।

केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने वार्डवासियों को एक परिवार के सदस्य की तरह संबोधित करते हुए एकता बनाए रखने और मिल-जुलकर क्षेत्र के विकास में योगदान देने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र का विकास सुरक्षित हाथों में है।

पार्षद नरेश आशा भाटी ने मंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से वार्ड को नई दिशा मिलेगी। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने एक स्वर में आगामी चुनावों के लिए केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के प्रति अपना विश्वास और वोट की प्रतिबद्धता जताई। अंत में पार्षद ने सभी भाई-बहनों का इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

## डीएम ने ईएसआईसी अस्पताल का किया निरीक्षण श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के निर्देश

**नोएडा (करंट क्राइम)।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के श्रमिकों को बेहतर, सुलभ एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को डीएम मेधा रूपम ने सेक्टर-24 स्थित ईएसआईसी अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रशासन एवं चिकित्सकों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की।



बैठक में डीएम ने उपचार की गुणवत्ता, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकीय स्टाफ की स्थिति, समयबद्ध उपचार व्यवस्था तथा आपातकालीन सेवाओं की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी सेवाएं प्रभावी ढंग से संचालित की जाएं। इसके पश्चात उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, इमरजेंसी वार्ड, लैब एवं कैंटीन सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों से सीधे संवाद कर अस्पताल की सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया। डीएम ने कहा कि श्रमिकों को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने डॉक्टरों की उपलब्धता, चिकित्सा उपकरणों की कार्यशीलता, दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति तथा कैंटीन में भोजन की गुणवत्ता और पैकेज्ड खाद्य पदार्थों की एक्सपायरी डेट की नियमित निगरानी के निर्देश दिए।

# रैपिड रेल ट्रैक से कार पर गिरा भारी पत्थर

## बाल-बाल बचे सेवानिवृत्त अधिकारी, वाहन क्षतिग्रस्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोमवार दोपहर करीब 3:45 बजे रैपिड रेल ट्रैक के नीचे से गुजर रही एक कार भीषण दुर्घटना का शिकार होने से बाल-बाल बच गई। ट्रैक से अचानक एक भारी पत्थर नीचे चल रही कार पर आ गिरा। इस हादसे में कार को काफी नुकसान पहुँचा है, हालांकि सौभाग्यवश कार सवार सुरक्षित हैं।

जानकारी के अनुसार, कार के मालिक आर. के. यादव, जो एक सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी हैं, दोपहर के समय अपने निजी वाहन से गुजर रहे थे। जब उनकी कार रैपिड रेल ट्रैक के नीचे पहुंची, तभी ऊपर से एक बड़ा पत्थर सीधे कार पर आ गिरा। पत्थर की गति और वजन इतना अधिक था कि कार का हिस्सा बुरी तरह पिचक गया।

**सुरक्षा पर उठे सवाल :** पीड़ित आर. के. यादव ने बताया कि यह हादसा जानलेवा हो सकता था। उन्होंने कहा, मैं बाल-बाल बच गया, लेकिन जिस तरह से निमार्णाधीन या संचालित ट्रैक से पत्थर गिरा है, वह प्रबंधन की बड़ी लापरवाही को दर्शाता है।

**लापरवाहीः** ट्रैक के रखरखाव और सुरक्षा जाल की कमी पर सवाल।

स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने भी इस घटना पर रोष व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि व्यस्त सड़क के ऊपर बने ट्रैक से मलबे या पत्थरों का गिरना आम नागरिकों की जान को जोखिम में डालना है। खबर लिखे जाने तक संबंधित रेल अथॉरिटी की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## शुभकामनाएं



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उद्यमी डॉ. पी. कुमार ने आईएएस नितिन गौर को अमरोहा का जिलाधिकारी नियुक्त होने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नितिन गौर के कुशल नेतृत्व में जिले को विकास की नई दिशा मिलेगी। डॉ. कुमार ने विश्वास जताया कि नए जिलाधिकारी के अनुभव और प्रशासनिक क्षमता से अमरोहा में जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगा और जिले की प्रगति को गति मिलेगी।

# इंदिरापुरम में धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में ब्राह्मण समाज उत्थान संस्था के तत्वावधान में भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुज कुमार पाठक ने की।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष जे.के. गौड़ एवं राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद शर्मा भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संस्था के सचिव राजीवनयन दुबे, कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा, पार्षद धीरज अग्रवाल, धीरज शर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सुंदरकांड के पाठ और भंडारे-प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# संतोष डेंटल कॉलेज का महीना भर चला 'विश्व मौखिक स्वास्थ्य अभियान' संपन्न, हजारों लोग हुए लाभान्वित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** संतोष डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर आयोजित एक माह का जन-जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। डीन डॉ. अक्षय भार्गव के नेतृत्व में चले इस अभियान में संस्थान के सभी नौ विभागों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

गाजियाबाद और आसपास के क्षेत्रों में 13 आउटरीच कैंप लगाए गए, जिनमें 1,507 लोगों की स्क्रीनिंग हुई। वृद्धों के लिए 54 निःशुल्क डेंचर वितरित किए गए। साथ ही, 8 गांवों और 7 एनजीओ के लिए मुफ्त दंत चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। कॉलेज की शटल सेवा के जरिए 1,500 से अधिक मरीजों को अस्पताल लाकर उपचार दिया गया। स्कूली बच्चों के लिए फ्लोराइड वार्निश और टूथ ब्रशिंग डेमो के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष ओरल हेल्थ सत्र आयोजित किए गए। 'स्माइलोथॉन', नुक्कड़ नाटक और रैलियों के जरिए लोगों को मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

1995 से कार्यरत यह संस्थान अपनी कम्युनिटी आउटरीच पहल के माध्यम से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को निरंतर निःशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहा है।

# कानून व्यवस्था सख्तः पुलिस आयुक्त ने डीसीपी व एसीपी को हटाया



**नोएडा।** नोएडा शहर की कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने सख्त कदम उठाते हुए सेंट्रल जोन के पुलिस उपायुक्त और सहायक पुलिस उपायुक्त प्रथम को हटा दिया है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हलचल तेज हो गई है और आगे भी कुछ अधिकारियों के तबादले की चर्चा जोरों पर है। पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी के अनुसार, सेंट्रल जोन की डीसीपी श्रीमती शैव्या गोयल को हटाकर उनकी जगह डीसीपी ट्रैफिक शैलेंद्र सिंह को नियुक्त किया गया है। वहीं, सहायक पुलिस उपायुक्त उमेश यादव को हटाकर उनकी जगह दीक्षा सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

हालांकि आधिकारिक तौर पर इसे कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने की सामान्य प्रशासनिक कार्रवाई बताया गया है, लेकिन शहर में यह चर्चा भी है कि 13 अप्रैल को नोएडा में श्रमिकों के हिंसक प्रदर्शन के बाद यह फैसला लिया गया है।

पुलिस महकमे के अंदरूनी सूत्रों की मानें तो आने वाले दिनों में और भी तबादले हो सकते हैं, जिससे कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# अभिभावक महासंघ ने डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

## हापुड़ में निजी स्कूलों पर कार्रवाई, जुर्माना को बताया सराहनीय कदम



**हापुड़।** हापुड़ में उत्तर प्रदेश अभिभावक महासंघ ने निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों के शोषण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। महासंघ के जिलाध्यक्ष शरद कुमार गर्ग और महामंत्री योगेंद्र अग्रवाल ने जिला विद्यालय निरीक्षक (उक्रडर) को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें जिलाधिकारी द्वारा अवार्चीन इंटरनेशनल स्कूल पर शुल्क नियामक समिति के माध्यम से लगाए गए जुमार्ने को सराहनीय कदम बताया गया, लेकिन महासंघ ने कहा कि यह समस्या केवल एक स्कूल तक सीमित नहीं है, इसलिए वे इससे संतुष्ट नहीं हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि कई निजी स्कूल अभी भी मनमानी फीस वृद्धि कर रहे हैं। वे किताबों, स्टेशनरी, कॉपियों, यूनिफॉर्म और अन्य मदों के नाम पर अभिभावकों का शोषण कर रहे हैं। महासंघ का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन अभिभावकों को हर संभव तरीके से आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं।

अभिभावक महासंघ पिछले कई वर्षों से इस शोषण के खिलाफ संघर्ष कर रहा है। उन्होंने एक निगरानी समिति गठित करने की मांग की है। यह समिति विभिन्न निजी स्कूलों में मौके पर जाकर जांच करे और अपनी रिपोर्ट सीधे जिलाधिकारी को सौंपे। महासंघ ने मांग की है कि इस समिति में उत्तर प्रदेश अभिभावक महासंघ के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए, ताकि जांच निष्पक्ष और प्रभावी हो सके। अभिभावकों की भागीदारी के बिना जांच पर सवाल उठने की आशंका जताई गई है।

ज्ञापन में 4 अप्रैल को हुई जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक का भी जिक्र किया गया। इसमें जिलाधिकारी ने सभी निजी विद्यालयों को 7 दिनों के भीतर अपना संशोधित फीस स्ट्रक्चर उपलब्ध कराने का आदेश दिया था। अभिभावक महासंघ ने पूछा है कि अब तक कितने स्कूलों ने यह फीस स्ट्रक्चर जमा किया है और जिन्होंने नहीं किया, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। महासंघ ने यह जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है।

# चश्मा शोरूम में बजरंग दल का प्रदर्शन

## कर्मचारियों को तिलक लगाया और कलावा बांधा

**मोदीनगर।** मोदीनगर के दिल्ली-मेरठ मार्ग पर स्थित एक चश्मा शोरूम पर बजरंग दल के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने शोरूम के कर्मचारियों को तिलक लगाया और कलावा बांधा।



बजरंग दल के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि शोरूम संचालक ने देशभर के अपने सभी आउटलेट पर कर्मचारियों के लिए कलावा और तिलक लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसी नीति के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया।

पदाधिकारी दोपहर लगभग दो बजे शोरूम पर पहुंचे और 'जय श्रीराम' तथा 'जय हनुमान' के नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने शोरूम में कार्यरत सभी कर्मचारियों को तिलक लगाया और कलावा बांधा। पदाधिकारियों ने इस नियम को पूरी तरह गलत बताया और कहा कि बजरंग दल इसका कड़ा विरोध करता है। उन्होंने यह भी कहा कि सनातन धर्म के विरुद्ध किसी भी विचारधारा को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस दौरान मधुर नेहरा, निशांत त्यागी, बंटी, रामकुमार, आदित्य शर्मा, गौरव, वीशू त्यागी, मोहित, आकाश पांचाल, दक्ष नागर और दीपक शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।